जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 20 संख्याः 285 प्रभात जालोर, बुधवार 21 जनवरी, 2026 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.




# यूरोप, भारत के साथ, "मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स" करेगा

## यूरोपियन कमीशन की चीफ उर्सुला वॉन डेर लेयेन से डावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की मीटिंग में सार्वजनिक मंच से घोषणा की

- उर्सुला लेयेन के अनुसार, वे तथा यूरोपीयन यूनियन के व्यापारिक समझौतों के मुख्य कार्यकारी भारत जाएंगे तथा भारत के साथ व्यापारिक समझौते को हस्ताक्षरित करेंगे।
- दोनों पार्टियाँ यूरोप व भारत इस समझौते को काफी समय से फाइनल करना चाह रही थीं। पर, ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड पर उनकी दादागिरी स्वीकार नहीं करने पर अमेरिका द्वारा यूरोपीय देशों के अमेरिका को निर्यात पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने से यूरोपीय देशों में नया जोश भरा और वे तुरंत भारत से "ट्रेड डील" (व्यापारिक समझौता) करने में तत्पर हो गए।
- उर्सुला लेयेन के अनुसार, यह व्यापारिक समझौता विश्व के दो अरब व्यक्तियों को कवर करेगा तथा यह विश्व की जीडीपी का एक चौथाई हिस्सा है।
- इस ट्रेड डील के बाद, यूरोप के कई उत्पादन, कम टैरिफ के कारण, भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो जाएंगे और यूरोप भी भारत की उसके कृषि उत्पादन के बारे में संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए अपने कृषि उत्पादों को विशेषकर चीनी को समझौते से दूर रखेगा। भारत की यूरोप के जीआई (ज्योग्रॉफिकल इंडिकेशन) उत्पादों को समझौते में शामिल नहीं करेगा।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जनवरी। डॉनल्ड ट्रंप द्वारा डेनमार्क और ग्रीनलैंड के समर्थन के लिए यूरोप पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी के जवाब में, यूरोपीय आयोग ने आज भारत के साथ एक ऐसे व्यापार समझौते के संपन्न होने की घोषणा की है, जिसे उसने "सभी व्यापार समझौतों की जननी" बताया है।

डावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक को संबोधित करते हुए यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने घोषणा की कि वे और आयोग के मुख्य व्यापार वार्ताकार भारत की यात्रा करेंगे, ताकि भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते को औपचारिक रूप दिया जा सके। यह समझौता दोनों महाद्वीपों की लगभग दो अरब आबादी को कवर करेगा और अंतर्राष्ट्रीय जीडीपी के लगभग एक-चौथाई हिस्से को समेटेगा।

जब अमेरिका अपने सहयोगियों के खिलाफ कठोर भाषा का इस्तेमाल कर रहा है, तब यूरोप भविष्य के नए विकास केन्द्रों और उभरती आर्थिक शक्तियों के साथ सहयोग को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। भू-अर्थशास्त्र (जियो-इकोनॉमिक्स) की इस नई शक्ति-राजनीति में भारत, यूरोपीय संघ की रणनीतिक गणना में एक केन्द्रीय स्थान पर आ गया है। दोनों पक्ष लंबे समय से इस समझौते पर काम कर रहे थे, लेकिन इस समय इसे तेज़ी से आगे बढ़ाया गया, ताकि अमेरिका को एक स्पष्ट संदेश दिया जा सके।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मंच, जहां बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुख, बैंकर, वित्तपोषक और अंतर्राष्ट्रीय निर्णयकर्ता एकत्र होते हैं, से वॉन डेर लेयेन ने एक ऐसा संदेश देने की कोशिश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'पार्टी में नितिन नबीन मेरे बॉस हैं'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को नितिन नबीन (45) को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि पार्टी से जुड़े मामलों में युवा नेता अब उनके बॉस होंगे।

- प्र.मंत्री मोदी ने नितिन नबीन को भाजपा अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए यह भी कहा कि "मैं एक कार्यकर्ता हूँ, आप मेरे अध्यक्ष हैं।"

भाजपा ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में नितिन नबीन को औपचारिक रूप से अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया। उन्हें इस पद पर निर्विरोध चुना गया।

नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने 45 वर्षीय नितिन नवीन को "मिलेनियल" बताते हुए कहा कि वे उस पीढ़ी से आते हैं, जिसने भारत में बड़े बदलावों को देखा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "जब पार्टी के मामलों की बात आती है, तो माननीय नितिन नबीन जी..मैं एक कार्यकर्ता हूं और आप मेरे बॉस हैं।"

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्मचारी चयन बोर्ड परीक्षा की ओएमआर शीट में हेराफेरी करने वाले 7 गिरफ्तार

## एसओजी ने कर्मचारी चयन बोर्ड के दो अधिकारियों व ओएमआर शीट स्कैन करने वाली कंपनी के दो कर्मचारियों को पकड़ा

- एसओजी की जाँच में सामने आया कि कंपनी के कार्मिक ओएमआर शीट की स्कैनिंग के बाद कम्प्यूटर सिस्टम डेटा में छेड़छाड़ कर चुनिंदा अभ्यर्थियों के नम्बर बढ़ा देते थे। इसके आधार पर कई अयोग्य अभ्यर्थियों का चयन करवाया गया।

जयपुर, 20 जनवरी। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड की भर्ती परीक्षाओं में ओएमआर शीट में हेराफेरी कर अभ्यर्थियों के नंबर बढ़ाने के एक बड़े खेल का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कर्मचारी चयन बोर्ड के दो अधिकारी शामिल हैं। वहीं ओएमआर शीट स्कैन करने वाली कंपनी के दो कर्मचारियों और एक महिला अभ्यर्थी को भी एसओजी ने गिरफ्तार किया है। यह पूरा मामला साल 2018 में हुई कृषि पर्यवेक्षक, महिला सुपरवाइजर और प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा से जुड़ा है। अब इन तीन भर्ती परीक्षाओं में शामिल 38 अभ्यर्थी भी एसओजी के राडार पर हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि साल 2018 में हुई महिला अधिकारिता विभाग सुपरवाइजर, प्रयोगशाला सहायक और कृषि सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट में हेरफेर कर नंबर बढ़ाने के आरोप में उप निदेशक (सिस्टम एनालिस्ट कम प्रोग्रामर व तकनीकी प्रमुख) संजय माथुर, प्रोग्रामर प्रवीण गंगवाल, ओएमआर शीट की स्कैनिंग करने वाली कंपनी राभव लिमिटेड, नई दिल्ली के शादान खान व विनोद कुमार गौड़ और महिला अभ्यर्थी पूनम माथुर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इन तीनों भर्ती परीक्षाओं के 38 अभ्यर्थी भी एसओजी के राडार पर हैं। आरोपियों ने न केवल अपने परिचित अयोग्य अभ्यर्थियों का चयन करवाया, बल्कि ओएमआर शीट में हेराफेरी कर लाखों रुपए भी बटोरे हैं। किस अभ्यर्थी से कितने रुपए लिए गए, इसे लेकर जांच जारी है।

एसओजी एडीजी ने बताया कि इन तीनों भर्ती परीक्षाओं में 3 हजार 212 पदों के लिए 9,40,038 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। ये परीक्षाएं 2019 में हुई थी। परीक्षा का परिणाम तैयार करने के लिए ओएमआर शीट्स की स्कैनिंग और डेटा प्रोसेसिंग का काम नई दिल्ली की राभव लिमिटेड को सौंपा गया था। एसओजी की पड़ताल में सामने आया कि कंपनी के कार्मिक ओएमआर शीट की स्कैनिंग के बाद कंप्यूटर सिस्टम के डेटा में छेड़छाड़ कर चुनिंदा अभ्यर्थियों के नंबर में बढ़ोतरी कर देते थे। इसके आधार पर कई अयोग्य अभ्यर्थियों का भी चयन करवाया गया। एसओजी और चयन बोर्ड ने मूल ओएमआर शीट की दोबारा स्कैनिंग की, तो कई गंभीर गड़बड़ियां पाई गई हैं। वहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'प्रशासन यह निर्णय नहीं ले सकता, कौन शंकराचार्य है और कौन नहीं'

## ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने यह सवाल उठाकर पूरे मसले का राजनीतिकरण कर दिया

- कांग्रेस के पवन खेड़ा व सपा के अखिलेश यादव ने शंकराचार्य के पक्ष में बयान दिए और योगी सरकार पर सवाल खड़े किए।
- असल में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस भेजा है कि वे खुद को शंकराचार्य क्यों कहते हैं। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया गया, जिसमें कहा गया था कि ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य के पद पर उनका कोई अधिकारिक अभिषेक नहीं हुआ है।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जनवरी। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के बीच टकराव ने राजनीतिक रूप ले लिया है। राज्य सरकार द्वारा उन्हें एक नोटिस जारी किए जाने के बाद विवाद और गहरा गया, जिसमें उनसे यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि वे स्वयं को शंकराचार्य क्यों कहते हैं।

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित, विपक्षी दल शंकराचार्य के समर्थन में सामने आ गये हैं। इस बीच, शंकराचार्य पिछले 48 घंटों से धरने पर बैठे हैं। राज्य प्रशासन ने उन्हें प्रयागराज में संगम पर, परंपरा के अनुसार पालकी में बैठकर, शाही स्नान करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। शंकराचार्य का दावा है कि यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कुछ नीतियों की आलोचना की थी, जिसमें गोमांस का मुद्दा उठाना, राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को अधूरा बताना और माघ मेले में अव्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करना शामिल है।

माघ मेले के दौरान विवाद तब और बढ़ गया, जब राज्य सरकार ने शंकराचार्य परंपरा के अनुसार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान की अनुमति देने से मना कर दिया और कहा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# स्ट्रीट डॉग्स पर मेनका के पॉडकास्ट से सुप्रीम कोर्ट नाराज़

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जनवरी। पशु अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी पर सुप्रीम कोर्ट ने आज कड़ी टिप्पणी की। आवारा कुत्तों के मामले में अदालत की टिप्पणियों को लेकर एक पॉडकास्ट में दिए गए उनके बयान और "बॉडी लैंग्वेज" पर अदालत ने गंभीर आपत्ति जताई।

- पॉडकास्ट में मेनका गांधी की टिप्पणियों व बॉडी लैंग्वेज की सुप्रीम कोर्ट ने सख्त आलोचना की और मेनका के वकील से कहा, ये हमारी उदारता है कि हमने इसे "अवमानना" नहीं माना है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन.वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि यह अदालत की "उदारता"

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ट्रंप ने ग्रीनलैंड और कैनडा को अमेरिका का हिस्सा बताया

## अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में अमेरिका का एक नक्शा शेयर किया, जिसमें ग्रीनलैंड व कैनडा को अमेरिकन क्षेत्र के रूप में दर्शाया गया

- ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक के बाद एक कई पोस्ट की, जिनमें अमेरिका के साम्राज्यवादी इरादों व ताकत का प्रदर्शन किया गया।
- ट्रंप ने फ्लोरिडा के एक कार्यक्रम में कहा कि डेनमार्क में ग्रीनलैंड को बचाने की ताकत नहीं है, अमेरिका की सेना विश्व में सबसे ताकतवर है। उनका यह बयान संकेत देता है कि वे सैन्य हमला भी कर सकते हैं।
- इसी बीच ब्रिटेन की तीसरी सबसे बड़ी लिबरल डैमोक्रेटिक पार्टी के नेता एड डेवी ने कहा कि ट्रंप अंतर्राष्ट्रीय गैंगस्टर और गुंडे हैं तथा अमेरिका के सबसे भ्रष्ट राष्ट्रपति हैं।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जनवरी। अपनी नव-औपनिवेशिक पागल महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एक कार्टोग्राफिक आक्रमण शुरू कर दिया है। उन्होंने "ट्रुथ सोशल" पर कई संदेश पोस्ट किए हैं, जिनमें यह संकेत दिया गया है कि ग्रीनलैंड अब संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा है।

एक पोस्ट में, ट्रंप ने अमेरिकी मानचित्र की तस्वीर साझा की, जिसमें ग्रीनलैंड और कैनडा को अमेरिकी क्षेत्र के रूप में दिखाया गया था।

पोस्ट में ट्रंप को ओवल कार्यालय में बैठे हुए दिखाया गया है, जहां वे नाटो के कई नेताओं के साथ हैं, जिनमें फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन तथा अन्य नेता शामिल हैं।

ट्रुथ सोशल की एक अन्य पोस्ट में, ट्रंप उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ग्रीनलैंड में अमेरिकी ध्वज फहराते हुए दिखाई दे रहे हैं। पास में एक साइनबोर्ड लगा है, जिस पर लिखा है: "ग्रीनलैंड, अमेरिकी क्षेत्र, स्थापित 2026।"

इस बीच, अमेरिकी विदेश नीति की कड़ी आलोचना करते हुए, ब्रिटेन के एक प्रमुख नेता ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को "अंतर्राष्ट्रीय गैंगस्टर", "गंभीर उत्पीड़क" और "अमेरिका का अब तक का सबसे भ्रष्ट राष्ट्रपति" करार दिया। यह टिप्पणी उन्होंने ब्रिटिश संसद में की।

लिबरल डेमोक्रेट के नेता एद डेवी, जो ब्रिटेन की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता हैं, ट्रंप द्वारा इंग्लैंड और उसके यूरोपीय सहयोगियों को "व्यापार-टैरिफ" से जुड़ी धमकियों के बारे में प्रतिक्रिया दे रहे थे,

डेवी ने ट्रंप के राष्ट्रपति काल को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# फिक्की की वित्तीय वर्ष 26 की तीसरी तिमाही ( अक्टूबर-दिसम्बर 2025 ) की रिपोर्ट काफी उत्साहवर्धक है, भारत के लिए

## इस सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, 91 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर के लोग कहते हैं कि इस तिमाही में उनका उत्पादन बढ़ा है

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जनवरी। भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। औद्योगिक संगठन एफआईसीसीआई (फिक्की) के नवीनतम मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स ने अब तक का सर्वोच्च स्तर छू लिया है, जो व्यापक अर्थव्यवस्था में बढ़ती गति का संकेत देता है। उद्योग संगठन के 68वें त्रैमासिक विनिर्माण सर्वेक्षण के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर 2025 के दौरान 91 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उत्पादन स्तर में वृद्धि या स्थिरता की सूचना दी, जो पिछली तिमाही में 87 प्रतिशत थी। यह तेज सुधार औद्योगिक गतिविधियों में निरंतर पुनरुद्धार और व्यापारिक विश्वास में वृद्धि को दर्शाता है, जिसे हालिया जीएसटी दर कटौतियों से भी आंशिक समर्थन मिला है।

उत्पादन रुझानों में यह सुधार मजबूत घरेलू मांग से भी पुष्ट हुआ। सर्वेक्षण में शामिल 86 प्रतिशत निर्माताओं ने तीसरी तिमाही में ऑर्डर बुक्स के स्थिर रहने पर पिछली तिमाही के मुकाबले बेहतर होने की उम्मीद जताई। इससे संकेत मिलता है कि अंतर्राष्ट्रीय अनिश्चितताओं के बावजूद उपभोग और निवेश मांग बनी हुई है। निर्यात का माहौल भी अधिक सकारात्मक हुआ है, जहां 70 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में निर्यात के समान या अधिक रहने की उम्मीद जताई है। इससे संकेत मिलता है कि भारतीय निर्माता धीरे-धीरे बाहरी चुनौतियों का सामना कर पा रहे हैं।

यह सर्वेक्षण. जिसमें पूंजीगत वस्तुएं, धातु, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटो कंपोनेंट्स और वस्त्र सहित आठ प्रमुख विनिर्माण क्षेत्रों को शामिल किया गया है, दर्शाता है कि औसत क्षमता उपयोग लगभग 75 प्रतिशत है। यह स्तर निरंतर आर्थिक गतिविधि होने और उत्पादन अंतर के धीरे-धीरे कम होने का संकेत देता है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**जिसे होश है वह कभी घमंड नहीं करता। –कहावत**

# जनमानस में फिर प्रतिष्ठित की जा रही रियासती उपाधियां

भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने के साथ ही भारत में राजाओं, महाराजाओं और नवाबों का औपचारिक युग समाप्त हो गया। देश के सभी नागरिक समान हो गये। संविधान की प्रस्तावना में निहित समता का सिद्धांत केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक संकल्प था। इस संकल्प का अर्थ था कि जन्म, वंश या उपाधि के आधार पर कोई भी व्यक्ति विशेषाधिकार प्राप्त नहीं होगा। फिर भी सात दशकों बाद यदि किसी को हिज़ हाईनेस द महाराज ऑफ... सम्बोधन के साथ सार्वजनिक रूप से स्थापित किया जाता है वह केवल एक संबोधन नहीं, बल्कि संवैधानिक चेतना पर प्रहार होता है। आजादी के बाद भारत ने न केवल ब्रिटिश सत्ता से मुक्ति पाई, बल्कि देशी रियासतों के सामंती ढांचे को भी समाप्त किया। राजस्थान में यह संघर्ष विशेष रूप से कठिन और निर्णायक रहा। किसानों, प्रजामंडल आंदोलनों, समाज सुधारकों और स्वतंत्रता सेनानियों ने राजपूताना की रियासतों में शोषण, बेगार, और लाग-बाग जैसे अत्याचारों के खिलाफ लबा संघर्ष किया। ऐसे में आज उसी भूमि पर महाराजा की औपचारिक वापसी उस पीढ़ी के संघर्षों को बिसराना भी है। राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर बैंच को कुछ महीनों पूर्व आदेश देना पड़ा था कि 'महाराजा, राजा, राजकुमार, नवाब, प्रिंसेस' आदि शाही उपाधियों का प्रयोग नहीं किया जाए। अदालत के समक्ष एक पक्षकार ने अपने नाम के साथमहाराजा, राजकुमार, हिज हाइनेस जैसी उपाधियों का प्रयोग किया था जिसे न्यायालय ने संविधान की भावना के विरुद्ध मानते हुए स्वतः संज्ञान लिया। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि महाराजा कोई नाम नहीं, एक समाप्त हो चुकी सामंती उपाधि है। लेकिन जब इसका सार्वजनिक प्रदर्शन होने लगे तब उनके पीछे के आशय पर सवाल उठने लाजिमी है। यह तर्क दिया जा सकता है कि यह संबोधन सांस्कृतिक या पारिवारिक पहचान से जुड़ा है, संवैधानिक अधिकार से नहीं। लेकिन भाषा कभी निष्पक्ष नहीं होती। भाषा सत्ता का निर्माण करती है। जब किसी को हिज हाइनेस कहा जाता है, तो उसके सामने खड़ा व्यक्ति स्वतः मामूली बन जाता है। यह संबोधन बराबरी के भाव को तोड़ता है और सामाजिक पदानुक्रम को पुनर्जीवित करता है। लोकतंत्र केवल वोट डालने का नाम नहीं है; वह रोजमर्रा की भाषा, व्यवहार और प्रतीकों में भी जीता है। विडंबना यह है कि खुली अर्थव्यवस्था के साथ आई तथाकथित 'अंग्रेजियत' ने इस सामंती पुनरुत्थान को नया आवरण दे दिया है। एयर इंडिया का महाराजा 'लोगो' कभी मुस्कराते हुए झुक कर यात्रियों का स्वागत करता था। वह एक व्यंग्यात्मक, आत्म-आलोचनात्मक प्रतीक था। आज का हिज हाइनेस उस व्यंग्य से मुक्त होकर गंभीर दावे के साथ सामने आता है। बाजार की ब्रांडिंग और विरासत पर्यटन ने राजसी उपाधियों को फिर से 'कूल' बना दिया है। महल होटल बन गए, राजवंश जीवनशैली बन गई और सामंतवाद 'हेरिटेज' में बदल गया।


जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के एक ईवेंट के प्रचार पोस्टर पर ऐसा ही सम्बोधन अनेकों को बेचैन कर गया जिसमें हिज़ हाईनेस महाराजा ऑफ जयपुर मुख्य अतिथि बताए गये थे। जहां लेखक, पाठक और विचारक बराबरी के धरातल पर संवाद करते हों वहां यदि कोई व्यक्ति जन्म के आधार पर विशिष्ट बना दिया जाए, तो यह उसे क्या कहा जाए। यह उस व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा है जिसमें भारत में 'राज' को नए-नए रूपों में फिर से स्थापित करने का प्रयास किये जा रहे हैं –कभी संस्कृति के नाम पर, कभी परंपरा के नाम पर, और अधिकतर अंग्रेजी के चमकदार शब्दों के सहारे। लोकतंत्र केवल कानून में नहीं, भाषा में भी जीता है। महाराजा पदवी को भारतीय संविधान मान्यता नहीं देता। 1949 में देशी रियासतों के विलय के बाद राजाओं का राज समाप्त हो गयासंविधान को अंगीकार करते हुए हम भारत के लोगों ने सार्वभौम सत्ता अपने हाथ में ली और अपने भाग्य के नियंता खुद बन गये। हम सब भारतीय लोग अब समान हैं। उनमें किसी प्रकार का भेद नहीं है। मगर इन समाप्त हो गई पुरानी रियासती उपाधियों का उपयोग पारिवारिक समारोहों तक तो ठीक है, किन्तु पुराने रियासती आदर्शों का संपत्ति, स्टारडम और प्रभाव बनाने के लिए उपयोग होना सवाल पैदा करता है। वास्तव में बाज़ार-आश्रित मीडिया द्वारा ब्रिटिश काल के 'राज' को लुभावने और मोहक रूप में प्रस्तुत करना आज के समय की एक गंभीर वैचारिक समस्या बन गया है। यह प्रवृत्ति इतिहास के पुनर्लेखन से अधिक उसके वाणिज्यिक पुनर्पैकेजिंग का उदाहरण है, जहां बाज़ार की ताकतें उपभोक्ता संस्कृति को सरल, रोमांटिक और दृश्यात्मक कथाओं से बढ़ाती हैं। वह फ़िल्में हों, वेब-सीरीज़ हों, टीवी कार्यक्रम हों, या विज्ञापन हों, लाइफ़स्टाइल पत्रकारिता-ऐसी कहानियां गढ़ती है जिनमें ब्रिटिश राज को भव्य इमारतों, रेलों, क्लबों, शालीन अफ़सरों और 'कानून-व्यवस्था' के प्रतीक के रूप में दिखाया जाता है। इस प्रस्तुति में औपनिवेशिक सत्ता एक एस्थेटिक अनुभव बन जाती है, न कि उत्पीडन का ऐतिहासिक तथ्य। इक्कीसवीं सदी की पीढ़ी ऐसे भारत में बड़ी हुई है जहां समता वाला संविधान, सार्वभौमिक मताधिकार और औपचारिक लोकतंत्र उसकी रोज़मर्रा की सच्चाई रहे हैं। इस पीढ़ी ने न तो जागीरदारी युग की बेगार देखी है, न ही सामंती अत्याचारों की वह क्रूरता झेली है, जिसने कभी आम-जन को जन्मना शासन की अधीनता में बांध रखा था। इतिहास की यही दूरी आज बाज़ार के लिए अवसर बन गई है। बाज़ार सामंतवाद को उसके यथार्थ रूप में नहीं, बल्कि 'रॉयल', 'हेरिटेज' और 'शाही ठाठ' के आकर्षक आवरण में प्रस्तुत करते हुए इतिहास की हिंसा, शोषण और असमानता को सावधानी से छिपा देता है, ताकि उपभोक्ता चमक-दमक, विरासत और गौरव के भ्रम में पड़ा रहे। राजसी ठाट-बाट की चांदनी तानते हुए राजाओं-रानियों की को ब्रांड एंबेसडर, और सामंती सत्ता को लाइफ़स्टाइल प्रोडक्ट में रूपांतरित किया जाता है। यह बाज़ारी प्रस्तुति केवल उपभोग तक सीमित नहीं रहती। वह सामंती अतीत को लगातार महिमामंडित करके इतिहास के कूड़ेदान में फेंकी जा चुकी रियासती सत्ता की नई पीढ़ियों को प्राकृतिक नेतृत्वकर्ता मानने का अहंकार देने लगती हैं। अब तो वे अपनी सामाजिक हैसियत, नाम और प्रतीकात्मक पूंजी के सहारे लोकतांत्रिक राजनीति में भी प्रवेश करने लगे हैं। चुनावी राजनीति में 'रॉयल' पहचान को अनुभव, परंपरा और स्थिरता के रूप में बेचा जाता है, मानो लोकतंत्र किसी वंशानुगत गुण का विस्तार हो। पूर्व राजाओं और उनकी आज की पीढ़ी को वे सभी संविधान प्रदत्त अधिकार उपलब्ध हैं जो अन्य नागरिकों को मिले हुए हैं। असली खतरा तब पैदा होता है जब बाज़ार और मीडिया मिलकर सामंती मूल्यों को लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के विकल्प के रूप में पेश करने लगते हैं। जब समानता के विचार को 'अराजकता' और वंशानुक्रम को 'प्राकृतिक व्यवस्था' की तरह माना जाने लगता है।

> **स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस भारत का सपना देखा था, वह ऐसा भारत नहीं था जहां सामंती प्रतीक आधुनिक आयोजनों में सम्मानित हों। उन्होंने ऐसे समाज के लिए संघर्ष किया था जहां सम्मान कर्म से मिले, जन्म से नहीं। आज यदि हम इस फर्क को भूल जाते हैं, तो यह केवल अतीत का नहीं, भविष्य का भी अपमान होगा। यह इतिहास से चयनात्मक स्मृति का भी मामला है।**

इक्कीसवीं सदी की चुनौती यही है कि चमकदार इतिहास-प्रस्तुति और वास्तविक इतिहास के बीच के फर्क को समझा जाए। लोकतंत्र स्मृतिहीनता पर नहीं, बल्कि ऐतिहासिक चेतना पर टिकता है। यदि बाज़ार के बनाए इस 'शाही स्वप्न' को बिना सवाल किए स्वीकार कर लिया गया, तो यह केवल अतीत का पुनरुत्थान नहीं होगा, बल्कि भविष्य की राजनीति में असमानता और अधिनायकवाद की वापसी का रास्ता भी खुलेगा। आधुनिक भारत केवल अंग्रेजी-भाषी अभिजात वर्ग का अनुभव नहीं है। आधुनिक समझ सहज नहीं होती, बल्कि सवाल खड़े करती है। वह वास्तविक संवाद का अवसर देती है। मगर बाज़ार-आश्रित मीडिया केवल अतीत की गलत व्याख्या नहीं करता है, बल्कि वर्तमान की वैचारिक दिशा को भी प्रभावित करता है। यह दर्शकों को सत्ता, शोषण और इतिहास को उपभोक्ता वस्तु की तरह देखने का आदी बनाता है। मीडिया इतिहास को ग्लैमरके तौर पर प्रस्तुत करता है न कि जवाबदेही और विवेक के साथ। 'राज' की चमक के पीछे छिपी लूट, अपमान और प्रतिरोध को ढक दिया जाता है। यह दृष्टि वही औपनिवेशिक तर्क को दोहराती है कि भारत को 'सभ्य' बनाने के लिए 'राज' आवश्यक था। यह प्रवृत्ति उत्तर-औपनिवेशिक आत्मविश्वास की कमजोरी से भी जुड़ी है। सार्वजनिक समारोहों में किसी को महाराजा, महारानी या हिज़ हाईनेस से सम्बोधन कोई व्यक्तिगत भूल या शिष्टाचार की चूक नहीं है, बल्कि उस मानसिकता का संकेत है जिसमें लोकतंत्र के भीतर सामंतवाद को सांस्कृतिक गौरव के रूप में पुनर्स्थापित किया जा रहा है। यह वही मानसिकता है जो मानती है कि इतिहास के नाम पर उपाधियां, राजसी संबोधन और वंशगत श्रेष्ठता आज भी स्वीकार्य हैं। ग्लैमर और वैश्विक मान्यता का प्रदर्शन बना कर विरासतको एक आधुनिकता सजावटी भ्रम बनाना बाज़ार को खूब आता है। लेकिन लोगों के भीतर एक ज़मीर होता है, जो जानता है कि सच्चाई क्या है और चालबाज़ी क्या है। गांधी का यह विचार और अधिक प्रासंगिक हो जाता है कि सत्ता का मूल्य चमक में नहीं, सेवा में होता है। स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस भारत का सपना देखा था, वह ऐसा भारत नहीं था जहां सामंती प्रतीक आधुनिक आयोजनों में सम्मानित हों। उन्होंने ऐसे समाज के लिए संघर्ष किया था जहां सम्मान कर्म से मिले, जन्म से नहीं। आज यदि हम इस फर्क को भूल जाते हैं, तो यह केवल अतीत का नहीं, भविष्य का भी अपमान होगा। यह इतिहास से चयनात्मक स्मृति का भी मामला है। यह इतिहास के री-पैकेजिंग का प्रयासभी है, जहां राजशाही स्मृति लोकतंत्र की भाषा पहनकर मंच पर आती है। खुली अर्थव्यवस्था ने अतीत को ब्रांड बना दिया है-जहां राजसी विरासत एक बिकाऊ छवि है। यह नये मतदाता-ख़ासकर उस पीढ़ी-को आकर्षित करने की कोशिश है जिसने सामंती यथार्थ नहीं जिया। उसके लिए रॉयल एक रोमांटिक कल्पना है, इतिहास नहीं।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# वीबी-जी राम जी का शंखनाद



**गुलाब बत्रा**

भारत के ग्रामीण परिदृश्य में अब राहत के साथ सामर्थ्य और स्थाई संपत्ति के निर्माण का दौर प्रारंभ हो गया है। संसद द्वारा पारित विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 में वर्ष 2047 के विकसित भारत की नींव में रखी गई वह ईंट है, जो गांव, गरीब और किसान को समृद्ध बनाने को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। यह अधिनियम मनरेगा से आगे की यात्रा है। मनरेगा ने दो दशकों तक सुरक्षा तो दी, लेकिन सृजन की गति को आज की वैश्विक और तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप अपेक्षित ऊर्जा प्रदान नहीं कर पाई। किसी भी राष्ट्र की प्रगति तब पूर्ण होती है जब उसकी अंतिम इकाई गांव भी आत्मनिर्भर हो जाए। मनरेगा ने निस्संदेह ग्रामीण संकट के समय एक ढाल का काम किया, लेकिन बदलते समय, जलवायु परिवर्तन के अनिश्चित चक्र और तकनीकी क्रांति ने एक ऐसे ढांचे की मांग की थी जो काम देने के बजाय आजीविका सृजित करने पर केंद्रित हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप, वीबी-जी राम जी अधिनियम ने इसी शून्य को भरने का कार्य किया है। रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करना ग्रामीण परिवारों की क्रय शक्ति और उपभोग सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक साहसिक कदम है।

राजस्थान जैसे विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले प्रदेश में यह अधिनियम एक वरदान बनकर उभरा है। राज्य में मानसून की अनिश्चितता और कृषि कार्यों की मौसमी प्रकृति के कारण अक्सर किसानों और सरकारी श्रम योजनाओं के बीच एक अदृश्य संघर्ष देखा जाता रहा है। कटाई और बुवाई के समय मजदूरों की कमी किसानों के लिए लागत का संकट पैदा करती थी।

अधिनियम की धारा 7(4) इस संघर्ष का एक मास्टरस्ट्रोक समाधान है। मुख्य कृषि मौसम के दौरान वार्षिक 60 दिनों का कार्य-विराम घोषित करने का अधिकार राज्य सरकारों को दिया गया है। यह दर्शाता है कि कानून बनाने वालों ने धरातल की समस्याओं को गहराई से समझा है। यह प्रावधान किसान और मजदूर को प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि एक-दूसरे का सहयोगी बनाता है। रोजगार के 125 दिनों की बढ़ी हुई गारंटी यह सुनिश्चित करती है कि श्रमिक की आय कम न हो, जबकि कृषि क्षेत्र को समय पर श्रम शक्ति उपलब्ध हो सके। यह नीतिगत परिपक्वता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

पत्रकारिता के दृष्टिकोण से देखें तो ग्रामीण योजनाओं की सबसे बड़ी त्रासदी लीकेज और भ्रष्टाचार रही है। पुराने तंत्र में फर्जी मस्टर रोल और बिचौलियों का बोलबाला लोकतंत्र की जड़ों को खोखला कर रहा था। नए अधिनियम ने डिजिटल आर्किटेक्चर को अनिवार्य कानूनी दर्जा देकर भ्रष्टाचार के दरवाजे हमेशा के लिए बंद करने की कोशिश की है।

बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो-टैगिंग और लाइव डैशबोर्ड के माध्यम से अब दिल्ली या जयपुर में बैठा अधिकारी भी दूरदराज के गांव में हो रहे कार्य की वास्तविकता देख सकता है। हालांकि राजस्थान पहले से ही जन-सूचना पोर्टल के माध्यम से पारदर्शिता के मॉडल पर काम कर रहा है, लेकिन अब इस तकनीक-समर्थ निगरानी से कागजी मजदूरों का खेल समाप्त हो जाएगा। यह केवल तकनीक नहीं, बल्कि लोकतंत्र का शुद्धिकरण है।

पुराने ढांचे की एक बड़ी आलोचना यह थी कि इसमें होने वाले कार्य अक्सर मानसून की पहली बारिश में ही बह जाते थे। वीबी-जी राम जी ने इसे बदलते हुए कार्यों को चार ठोस श्रेणियों में विभाजित किया है। इनमें जल सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, आजीविका व संपत्तियां और आपदा तैयारी शामिल हैं। इन श्रेणियों के तहत पश्चिमी राजस्थान के रेतीले धोरों के लिए टांका निर्माण और जोहड़ पुनरुद्धार जल स्वावलंबन के कार्य हों सकेंगे। ग्रामीण हाट और बाजारों को सड़कों से जोड़ना, स्वयं सहायता समूहों के लिए संसाधन केंद्रों का निर्माण और बाढ़ व सूखे से निपटने के लिए स्थाई समाधान जैसे कार्य भी किए जा सकेंगे।

पीएम गति-शक्ति के साथ इस योजना का एकीकरण गांव में बनी एक छोटी सड़क या भंडारण केंद्र राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स ग्रिड का हिस्सा बनना सुनिश्चित करेगा। यह ग्रामीण भारत को ग्लोबल सप्लाई चेन से जोड़ने की एक प्रभावी शुरुआत है। नए अधिनियम में साप्ताहिक भुगतान की व्यवस्था और 14 दिनों से अधिक की देरी पर स्वतः मुआवजे का प्रावधान नौकरशाही की जवाबदेही तय करता है। यह राजस्थान के उन लाखों श्रमिकों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच है जिनकी रसोई की आग दैनिक या साप्ताहिक मजदूरी से जलती है। प्रशासनिक व्यय की सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत करने से राज्य सरकारें तकनीक, प्रशिक्षण और बेहतर निगरानी के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवा सकेंगी। यह अतिरिक्त 3 प्रतिशत निवेश, वास्तव में भ्रष्टाचार को रोकने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने का प्रीमियम है। लोकतंत्र में सोशल ऑडिट के दर्पण में शासन अपना चेहरा देखता है। हर छह महीने में अनिवार्य ऑडिट, डिजिटल साक्ष्यों की सार्वजनिक उपलब्धता और जिला स्तरीय लोकपाल की व्यवस्था की गई है। साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण की बाध्यता ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच एक नई जवाबदेही पैदा की है।

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) 2025 ग्रामीण भारत की गरिमा का घोषणापत्र है। यह अधिनियम बताता है कि सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास एक कार्ययोजना है। राजस्थान के परिप्रेक्ष्य में, यह अधिनियम मरूभूमि की चुनौतियों को अवसर में बदलने का सामर्थ्य रखता है। यह रोजगार को दान के बजाय अधिकार और उत्पादकता से जोड़ता है। यह अधिनियम ग्रामीण भारत के आर्थिक क्षितिज पर एक नया सूर्योदय है।

**–गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार**

# सेवा से संगठन, संगठन से आंदोलन : रोटरी इंटरनेशनल और रोटरी इंडिया की यात्रा



**रोटेरियन सुनील दत्त गोयल**

आज जब विश्व स्वार्थ, प्रतिस्पर्धा और सत्ता-संघर्ष के दौर से गुजर रहा है, ऐसे समय में यदि कोई वैश्विक संगठन निरंतर सेवा, नैतिकता और मानवीय मूल्यों की बात करता दिखाई देता है, तो वह है रोटरी इंटरनेशनल।

रोटरी केवल एक क्लब नहीं, बल्कि बीते एक शताब्दी से अधिक समय में विकसित हुई एक ऐसी सोच है, जिसने यह सिद्ध किया कि समाज-निर्माण के लिए सत्ता नहीं, संवेदनशीलता चाहिए।

**एक विचार से वैश्विक आंदोलन तक :** रोटरी की शुरुआत वर्ष 1905 में अमेरिका के शिकागो शहर से हुई, जब एक युवा वकील पॉल हैरिस ने अपने कुछ मित्रों के साथ मिलकर एक अनौपचारिक समूह बनाया। उद्देश्य था – पेशेवर जीवन की भागदौड़ में खोती जा रही मित्रता, भरोसे और नैतिकता को पुनः स्थापित करना। यही छोटा सा विचार आगे चलकर रोटरी बना – ऐसा मंच, जहाँ लोग पद से नहीं, प्रतिबद्धता से पहचाने जाते हैं। स्वयं से ऊपर सेवा-यह वाक्य केवल नारा नहीं, बल्कि रोटरी की आत्मा है। व्यवसाय, राजनीति और निजी जीवन – हर क्षेत्र में नैतिकता को कसौटी मानने वाला फोर वे टेस्ट रोटरी को विशिष्ट बनाता है।

**रोटरी का वैश्विक विस्तार**

1905 में एक छोटे क्लब से शुरू हुआ रोटरी संगठन धीरे-धीरे दुनिया भर में फैलता गया। 1910 तक रोटरी अमेरिका के बाहर भी पहुँच चुका था। आज रोटरी 190 देशों में सक्रिय है। 14 लाख से अधिक सदस्य है। 45,000 रोटरी क्लब। रोटरी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पर्यावरण, गरीबी उन्मूलन और शांति निर्माण जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक योगदान दिया।

भारत में रोटरी की शुरुआत 1929 में हुई। पहला क्लब था – रोटरी क्लब ऑफ कलकत्ता (अब कोलकाता)। उस दौर में भारत ब्रिटिश शासन में था, लेकिन रोटरी का उद्देश्य राजनीति से अलग रहकर समाज सेवा करना था। धीरे-धीरे रोटरी मुंबई, चेन्नई, दिल्ली और अन्य शहरों में फैलता गया।

**स्वतंत्रता के बाद रोटरी इंडिया का विस्तार :** 1947 के बाद भारत में रोटरी ने तेज़ी से विकास किया।

रोटरी इंडिया ने खासतौर पर इन क्षेत्रों में काम किया : शिक्षा (स्कूल, छात्रवृत्ति, लाइब्रेरी)। स्वास्थ्य शिविर (नेत्र जांच, रक्तदान, अंगदान)। ग्रामीण विकास। स्वच्छता और पेयजल। महिला सशक्तिकरण। कौशल विकास और रोजगार।

**पोलियो उन्मूलन: रोटरी इंडिया की ऐतिहासिक भूमिका**

भारत और दुनिया में रोटरी की सबसे बड़ी पहचान बनी – पोलियो उन्मूलन अभियान। रोटरी ने 1985 में पोलियो प्लस अभियान शुरू किया। भारत जैसे विशाल और विविध देश में यह एक बहुत बड़ी चुनौती थी।

रोटरी इंडिया ने लाखों स्वयंसेवक लगाए। सरकार और डब्लू एच ओ, यूनिसेफ जैसे संगठनों से साझेदारी की दूर-दराज़ गाँवों तक बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स दिलवाए। 2014 में भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया गया, जो रोटरी इंडिया के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि थी।

आज भारत रोटरी का दुनिया का सबसे बड़ा सदस्य देश है। 4,000 क्लब है। 1.5 लाख से अधिक सदस्य।

रोटरी इंडिया आज भी शिक्षा सुधार, डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण, युवा नेतृत्व (रोटरेक्ट, इंटरेक्ट), आपदा राहत (भूकंप, बाढ़, कोरोना जैसी आपदाएँ) में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

**रोटरैक्ट और इंटरैक्ट: युवा शक्ति**

– 18 से 30 वर्ष के युवाओं के लिए

– स्कूल स्तर के छात्रों के लिए

इनके माध्यम से रोटरी युवा पीढ़ी में नेतृत्व, सेवा और नैतिक मूल्यों का बीज बोती है। रोटरी केवल एक क्लब नहीं, बल्कि एक वैश्विक विचारधारा है। यह मंच देता है –अच्छे इंसान बनने का। समाज के लिए कुछ लौटाने का। और बिना किसी जाति, धर्म, राजनीति के भेदभाव के सेवा करने का। रोटरी इंटरनेशनल ने दुनिया को यह सिखाया कि अगर इरादे नेक हों, तो सेवा से इतिहास बदला जा सकता है। और रोटरी इंडिया ने यह साबित किया कि सेवा भारतीय संस्कारों की आत्मा है। सेवा, समर्पण और संकल्प की मिसाल बना रोटरी क्लब कुशलगढ़

यदि किसी व्यक्ति में कुछ कर गुजरने की प्रबल इच्छा हो और उसे एक उपयुक्त मंच मिल जाए, तो वह अपने जीवन की सीमित मानी जाने वाली क्षमता से कई गुना अधिक कार्य कर सकता है। यद्यपि यह हर परिस्थिति में संभव नहीं होता। कई बार मंच मिलने के बाद भी व्यक्ति को स्वतंत्र रूप से कार्य करने की आज़ादी नहीं दी जाती, जिससे उसकी संभावनाएँ सीमित रह जाती हैं। लेकिन आज बात ऐसे ही किसी अपवाद की है। बात हो रही है राजस्थान के एक सीमांत कस्बे की, जो गुजरात और मध्य प्रदेश की सीमाओं से लगा हुआ है। लगभग 20,000 की आबादी वाला यह छोटा सा कस्बा कुशलगढ़ आज यह सिद्ध कर रहा है कि इच्छाशक्ति, सामूहिक संकल्प और सही दिशा मिल जाए तो सीमाएँ अपने आप टूट जाती हैं।

यहीं कुछ जागरूक और प्रतिबद्ध लोगों ने मिलकर रोटरी क्लब कुशलगढ़ की स्थापना की। संसाधन सीमित थे, अपेक्षाएँ कम थीं, लेकिन सेवा का भाव प्रबल था। परिणामस्वरूप, इस छोटे से कस्बे में किए गए कार्यों की संख्या और गुणवत्ता दोनों ही यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि सेवा के लिए न तो बड़ा शहर चाहिए और न ही विशाल संसाधन – ज़रूरत होती है तो केवल नीयत और निरंतरता की।

21 अप्रैल 2021 को चार्टर प्राप्त करने वाला यह क्लब (क्लब आइडी – 222494) चार्टर से पहले ही अपनी कार्यसंस्कृति का परिचय दे चुका था। नगर की सबसे बड़ी आवश्यकता को समझते हुए, क्लब ने लगभग 15 लाख रुपये की लागत से एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराकर एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

**सुदृढ़ नींव, सक्षम नेतृत्व :** क्लब की मजबूत आधारशिला रखने का श्रेय इसके संस्थापक पथिक राजेंद्र मेहता को जाता है। चार्टर प्रेसिडेंट राजेंद्र गादीया और चार्टर सेक्रेटरी धर्मेंद्र कंसारा ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान की। वर्तमान सत्र में क्लब का नेतृत्व प्रेसिडेंट रौनक सेठ और सेक्रेटरी अर्पण कटारिया कर रहे हैं, जबकि पूर्व में उत्कृष्ट सेवा देने वाले पास्ट प्रेसिडेंट अर्पण चोपड़ा का योगदान भी उल्लेखनीय रहा है। भविष्य की कमान संभालने के लिए प्रेसिडेंट इलेक्ट यश खाब्या तैयार हैं।

क्लब को निरंतर दिशा देने में मार्गदर्शक मंडल की भूमिका भी अहम रही है, जिसमें मुकेश अग्रवाल, कमलेश कावड़िया, मनोहर कावड़िया, फकरुद्दीन शेख, जितेंद्र राठौर, आशीष नाहटा, नमन सोनी, प्रकाश लबाना, पिंकेश चंडालिया और विपुल जैन जैसे अनुभवी सदस्य शामिल हैं।

**स्वास्थ्य सेवा से सामाजिक सुरक्षा तक :** स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्लब की भूमिका बहुआयामी रही है। प्रतिवर्ष आयोजित मेडिकल कैंपों में 500 से अधिक ओपीडी का लाभ आमजन को मिलता है। पारुल हॉस्पिटल, बड़ौदा के साथ किए गए एमओयू के माध्यम से मरीजों को 40 प्रतिशत तक बिलिंग में छूट दिलवाई जा रही है। कोरोना काल में संचालित रोटरी ऑक्सीजन बैंक ने निःशुल्क सेवा देकर अनेक जिंदगियां बचाईं। वहीं, रोटरी उपकरण बैंक के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को चिकित्सा उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए एन्टी ड्रग कैंपेन चलाया जा रहा है। सरकारी स्कूलों की छात्राओं के लिए निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए हैप्पी किड्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्टेशनरी किट वितरण जैसे कार्यक्रम शिक्षा को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हैं।

क्लब ने सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और चिकित्सा जैसे मुद्दों पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर और आवश्यकतानुसार आंदोलनों के माध्यम से जनहित की आवाज़ भी बुलंद की है। जल संरक्षण के तहत स्कूलों में रोटरी जल मंदिर, चौराहों पर ठंडे पानी की व्यवस्था और जीव-दया हेतु पानी की टंकियां स्थापित की गई हैं। रक्तदान शिविर, पक्षियों के लिए दाना-पानी स्टैंड, गौ-सेवा के अंतर्गत गो-ग्रास वितरण तथा 2500 से अधिक वृक्षारोपण पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

नगर के सभी प्रवेश – निकास बिंदुओं पर रोटरी साइन बोर्ड लगाकर क्लब ने कुशलगढ़ को एक नई पहचान दी है। रोटरी क्लब कुशलगढ़ आज केवल एक सामाजिक संस्था नहीं, बल्कि सेवा की जीवंत प्रयोगशाला बन चुका है। सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर, प्रभावी और ईमानदार प्रयासों से यह क्लब यह सिद्ध करता है कि कस्बा छोटा हो सकता है, लेकिन संकल्प कभी छोटा नहीं होता। क्लब के पदाधिकारी और सदस्य समाजहित में जो कार्य कर रहे हैं, वे न केवल कुशलगढ़ बल्कि पूरे रोटरी परिवार के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। मैं तो सभी रोटेरियंस को ये अनुरोध करूँगा की वे सभी रोटरी क्लब कुशलगढ़ से प्रेरणा लेकर अपने क्लबों को भी और बेहतर करने का प्रयास करें।

**–रोटेरियन सुनील दत्त गोयल**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री।**


# सीएचसी व आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में खामियां मिली

**पावटा,** (निसं)। उपखंड अधिकारी पावटा द्वारा मंगलवार को राजनौता स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग की व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई, जिससे संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

उपखंड अधिकारी पावटा साधना शर्मा ने पीएचसी से क्रमोन्नत सीएचसी में ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, लैब, साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं एवं स्टाफ की उपस्थिति की समीक्षा की, जहां 650 प्रकार की दवाईया व 32 प्रकार की जांचें होना पाया गया। दो चिकित्सक नियुक्त पाए गए, जिसमें एक चिकित्सक प्रतिनियुक्ति पर नारायणपुर में कार्यरत है। वहीं सभी स्टाफ उपस्थित पाया गया। सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, जबकि कई कमियों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। इसके बाद उपखंड अधिकारी साधना शर्मा ने राजनौता क्षेत्र की आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, केंद्र की साफ-सफाई, रजिस्टर संधारण तथा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी की जांच की गई। केंद्र पर लापरवाही सामने आने जिसमें कार्यकर्ता व आशा सहयोगिनी अनुपस्थित पाई गई। केवल एक सहायिका उपस्थित मिली व बच्चे नहीं मिले, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाए ठीक नहीं मिली, जिस पर कड़ी फटकार लगाई गई व बाल विकास अधिकारी पावटा को और आवश्यक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

वही अन्नपूर्णा रसोई पाथरेड़ी का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें संचालिका एवं कंप्यूटर ऑपरेटर अनुपस्थित मिले व एक कार्यकर्ता उपस्थित मिले। अन्नपूर्णा रसोई में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली। जिसके लिए संबंधित विभाग को लिखा गया। उपखंड अधिकारी साधना शर्मा ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं एवं आंगनबाड़ी व अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन को बेहतर सुविधाएं देना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही करने वालों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**बुधवार 21 जनवरी, 2026**

माघ मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, धनिष्ठा नक्षत्र दिन 1:58 तक, व्यतिपात योग सायं 6:58 तक, तैतिलकरण दिन 2:45 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-मकर, बुध-मकर, गुरू-मिथुन, शुक्र-मकर, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज राजयोग दिन 1:58 तक है। रवियोग दिन 1:58 से आरम्भ होगा। आज गौरी तृतीया, व्यतिपात पुण्य, पंचक है। आज से राष्ट्रीय मास और सावान मु. मास आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:59 तक, शुभ 11:19 से 12:38 तक, चर 3:17 से 4:36 तक, लाभ 4:36 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:55

**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कन्या**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

**तुला**
घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में विचार-विमर्श हो सकता है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा।

**वृश्चिक**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

# प्रजापत समाज की शोभायात्रा में झांकियों ने मोहा मन

**पाली**, (नि.सं.)। श्रीयादे माता जयंती महोत्सव (माही बीज) के उपलक्ष्य में प्रजापति महासेना द्वारा मंगलवार को सुबह 9 बजे शोभायात्रा निकाली, जिसमें करीब एक दर्जन से ज्यादा झांकियां सम्मिलित थी।

मीडिया प्रभारी मुकेश हाटवा ने बताया कि मंगलवार को सूरजपोल स्थित श्री यादे माता मन्दिर पर प्रात: 5 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया। कार्यक्रम में आगे महासेना अध्यक्ष मोहन कपुपरा व उपाध्यक्ष महेंद्र जाजपरा ने बताया कि हवन के पश्चात प्रात: 7.15 बजे श्री यादे माता को पुष्प अर्पित कर ढोल नगाड़ो के साथ महाआरती की गई। महाआरती के बाद प्रात: 9 बजे शोभायात्रा निकाली गई जिसमे 101 कलश लेकर बालिकाएं चल रही थी। शोभायात्रा में ऊँट, घोड़े, प्रजापत समाज की कला दिखाते हुए न्याव की झांकी, साँवरिया सेठ, राधा कृष्ण, महाकाल, भगवान नर्सिंग व भक्त प्रहलाद के साथ संतो के रथ मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। शोभायात्रा श्री यादे माता मंदिर सूरजपोल से होते हुए सोमनाथ मंदिर, सर्राफा बाजार उदयपुरिया बाजार, गुलजार चौक, पुराना बस स्टैंड, अहिंसा सर्किल व शिवाजी सर्किल होते हुए इंद्रा कॉलोनी स्थित प्रजापति छात्रावास पहुंची। जहाँ पर मनोज रिया एन्ड पार्टी ने अपनी प्रस्तुति देते हुए महाकाल, माँ काली, राम दरबार की मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

इस दौरान सचिव मनीष मेहराणीया व पूरन धमालिया ने बताया कि कार्यक्रम में श्री यादे जयंती महोत्सव 2027 की बोलियां भी लगाई गई व 2026 की बोलियों के लाभार्थियों व भामाशाहों का स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भजन कलाकार देवेन्द्र प्रजापत ने प्रजापत समाज की कुलदेवी श्री यादे माता की महिमा गाते हुए कई भजनों की प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम में प्रजापत समाज की महिला शक्ति समस्त प्रजापत समाज महिला मंडल की टीम ने भोजन व्यवस्था संभाली। इसी के साथ ब्लड समिति अध्यक्ष रतन कुंडलवाल कोषाध्यक्ष जितेंद्र थावलिया, मेला अध्यक्ष प्रवीण लूणिया, सचिव प्रमोद महासेना संरक्षक दिनेश ब्रांधना, भावेश ब्रांधना, चंपालाल कुंडलवाल अनिल, मुकेश हाटवा, हितेश ब्रांधना, हुकमीचंद ब्रांधन, पदम चंदवाडीया, राजेंद्र सारडीवाल, दिलीप मेहरानिया, नरेश पड़ाया, मदनलाल बेड़ा, रमेश खेरेड़िया, प्रमोद हाटवा, दिनेश थांवलिया, दुर्गेश बेड़ा, मुकेश कुंडलवाल, वीरेंद्र मेहरानिया, ओमप्रकाश मुलेरा, कमलेश उटलिया, गौतम साबलिया, राजू ब्रांधना, लवेश राजौरा, अनिल देवलिया, मनीष नगरिया, किशन चंदवाडिया, पेमारामजी थावलिया, लवेश राजौरा, नरेश जलवाणिया, तेजप्रकाश कुंडलवाल, अरुण थावलिया सहित समस्त प्रजापति महासेना कार्यकारिणी उपस्थित रही।



पाली में श्रीयादे माता जयंती महोत्सव ( माही बीज ) पर प्रजापति महासेना ने शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

## वरिष्ठ नागरिकों की बैठक हुई

**पाली** ,(नि.सं.)। वरिष्ठ नागरिक समिति जिला शाखा पालीकी मीटिंग का आयोजन करण सिंह चाली स्थितसभागार में डॉ रामलाल मोहबारशा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

महामंत्री नरपत सिंह कुंपावत ने बताया कि आज की मंगलवार की बैठक में अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) पाली के अध्यक्ष कार्तिक कृष्ण प्रभु के नेतृत्व में इस्कॉन के सदस्य राजेंद्र प्रभु ,विष्णु हरिदास ने आज वरिष्ठ नागरिक समिति के सभागार को वृंदावन के इस्कॉन बना दिया। भजन कीर्तन हरे कृष्णा हरे राम का लम्बा कीर्तन करके समधुर गाजोबाजो के साथ समा बांध दिया। वरिष्ठ जनों ने बहुत सराहा और हिम्मत राम फुलवारी इतने भावुक हो गए भावावेश में नाचने लगे। वरिष्ठ जनों ने तालियों के साथ स्वागत किया। बैठक में गौतम चंद यति ,विनोद कुमार शर्मा, सुरेश कुमार जालोरा , मदन लाल व्यास,पी.सी शाह, वृद्धि चंद मेवाड़ा, अशोक कुमार शर्मा, कांतिलाल मुथा, प्रमोद कुमार माथुर,विष्णु कुमार गोयल, शिवप्रसाद परिहार ,माणकचंद तंवर आदि उपस्थित रहे।

# जालोर कलैक्टर ने सायला में कार्यालयों का निरीक्षण किया



जालोर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के . गावंडे ने सायला के कार्यालयों का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को सायला तहसील कार्यालय, पंचायत समिति कार्यालय व उपकोषागार कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची।

कलैक्टर ने कार्यालयों के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन कर रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्मिकों की उपस्थिति देख विभिन्न विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा फाईलों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के साथ ही रिकॉर्ड के व्यवस्थित रूप से संधारण करने और डाटा अपडेट के निर्देश दिए। इस अवसर पर सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई, सायला तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी व सायला विकास अधिकारी गौरव विश्नोई उपस्थित रहे।

# बोरानाड़ा व शोभावतों की ढाणी में हिन्दू सम्मेलन हुए

**जालोर**, (का.सं.)। संघ शताब्दी वर्ष में प्रत्येक बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों के आयोजन हो रहे है। इसी क्रम में रविवार को पाल बालाजी नगर की दो बस्तियों में संतों के पावन सानिध्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

नगर कार्यवाह भरत गर्ग ने बताया कि शोभावतों की ढाणी के वर्द्धमान नगर में मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक मंगलाराम ने संघ शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में राष्ट्र निर्माण हेतु आवश्यक व्यक्तिगत सहयोग करने हेतु जोर दिया। सैनाचार्य अचलानन्द गिरि एवं चन्द्रप्रभ महाराज जी ने भी अपने आशीर्वचनों से हिन्दू समाज को चरित्र निर्माण से संगठित शक्ति निर्माण हेतु आहवान किया। इस अवसर पर आयोजन समिति संयोजक धन्नाराम गुणपाल, सहसंयोजक कमलेश गहलोत, कोषाध्यक्ष निर्मल पालीवाल, सुरेश अग्रवाल, पार्षद दीपक माथुर, कालू सिंह, मोतीराम, हृदय शंकर, भरत कुमार जितेन्द्र धारीवाल, रवि वैष्णव, चन्द्रप्रकाश, दिनेश, पंकज गौड़ एवं हजारों की संख्या में हिन्दू समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

बोरानाडा बस्ती का विराट हिन्दू सम्मेलन रिको कॉलोनी पार्क में संत अणदाराम जी महाराज, संत जगदीश जी महाराज, संत राम मनोहर दास जी शास्त्री, महामण्डलेश्वर गौऋषि ज्ञानस्वरूपानन्द अक्रिय जी महाराज, रामस्नेही संत श्री श्रवणराम जी महाराज एवं संतोष गिरि महाराज के पावन सानिध्य मे सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य वक्ता महानगर प्रचारक हार्दिक कुमार ने उपस्थित मातृशक्ति के माध्यम से हिन्दू समाज में बालकों को संस्कारित कर राष्ट्र निर्माण में आहूत करने हेतु आ ान किया।

कार्यक्रम में शहीद श्रवण सियाग वीरांगना गीता देवी एवं ऑपरेशन सिन्दूर में वीरता एवं अदम्य साहस हेतु सेना पदक प्राप्त करने पर हवलदार जसवन्त सिंह का आयोजन समिति की ओर से सम्मान व अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में महानगर सहकार्यवाह अशोक कुमार, आयोजन समिति संयोजक प्रेमाराम सोलंकी, सह संयोजक श्यामलाल, बुधाराम सियाग, किशोर राव, कोषाध्यक्ष तेजाराम चौधरी, शंकर सैनी, भंवर सियाग, संतोष लदङ, विमलेश, अवधेश सहित कई जने उपस्थित रहे।

## कथा में गई महिला के गले से कंठी चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती करवड़ स्थित गंगाणी में दो दिन पहले कथा श्रवण में गई एक महिला के गले से कंठी चोरी हो गई। महिला की तरफ से कंठी चोरी की रिपोर्ट पुलिस में दी गई है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से पता लगाने का प्रयास कर रही है।

करवड़ थानाधिकारी परमेश्वरी ने बताया कि गंगाणी गांव की रहने वाली 58 साल की केलीदेवी पत्नी फतेहगिरी 18 जनवरी को गांव में ही माजीसा मंदिर में संत की कथा श्रवण को गई थी। कथा श्रवण के उपरांत घर पहुंची तब पता लगा कि उसके गले से एक तोला की कंठी गायब है। इस पर उसकी तरफ से पुलिस में कंठी चोरी की रिपोर्ट दी गई है। थानाधिकारी परमेश्वरी ने बताया कि कंठी भीड़भाड़ में गिरी अथवा किसी ने चोरी की इस बारे में पता लगाया जा रहा है।

# जोधपुर में इवेंट इंडस्ट्री पर डीजीजीआई ने छापा मारा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर में मंगलवार सुबह डीजीजीआई (जीएसटी इंटेलिजेंस डायरेक्टरेट) की जयपुर से आई टीमों ने इवेंट, टेंट, डेकोरेशन, साउंड और कैटरिंग कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। जीएसटी चोरी के इनपुट के आधार पर डीजीजीआई जयपुर के एडिशनल डायरेक्टर के नेतृत्व में शहर के आठ प्रमुख ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई है।

डीजीजीआई की राडार पर शादी-समारोहों में सेवाएं देने वाले शहर के वे सभी बड़े नाम हैं, जो टेंट, डेकोरेशन, साउंड और कैटरिंग का काम करते हैं, जिन फर्मों और जगहों पर टीमें पहुंची।

डीजीजीआई की टीमों ने जोधपुर शहर के सरदारपुरा के अलग-अलग इलाकों में स्थित सिंघवी टेंट और उनसे जुड़े ऑफिस, गोदाम, मकान और फार्म हाउस पर छानबीन शुरू की है। अधिकारियों ने दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच की। विभागीय सूत्रों का मानना है कि पिछले शादी के सीजन में जोधपुर में हुई हजारों शादियों की बुकिंग और इन फर्मों की ओर से भरे गए जीएसटी रिटर्न में भारी अंतर के संकेत मिले थे। फिलहाल मौके से कंप्यूटर सिस्टम, हार्ड डिस्क, पैन ड्राइव, डायरियां और कच्चे बिल खंगाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस कार्रवाई में करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी उजागर हो सकती है।

## 52.70 लाख की स्मैक व एमडी सहित दो पकड़े

**जोधपुर**, (कासं)। फलोदी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 253.55 ग्राम स्मैक और 9.97 ग्राम एमडी बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत करीब 52.70 लाख रुपए बताई जा रही है।

एसपी कुंदन कंवरिया ने बताया कि अतिरिक्त एसपी ब्रजराजसिंह चारण और सीओ अचलसिंह के सुपरविजन में भोजासर थानाधिकारी जमील खान के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। टीम ने अवैध मादक पदार्थ बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस थाना भोजासर में तैनात कांस्टेबल सीताराम की सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मोहर नगर स्थित आरोपी हकीम अली के घर पर छापा मारा। वहां से 253.55 ग्राम स्मैक और 9.97 ग्राम एमडी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी हकीम अली पुत्र नसीर खां और मूसे खान पुत्र नसीर खान को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने यह अवैध मादक पदार्थ मोरिया निवासी रईश पुत्र दिने खां से खरीदा था। पुलिस अब रईश की तलाश कर रही है।

आरोपियों के खिलाफ भोजासर पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के संबंध में आगे की जांच जारी है।

## आध्यात्मिक महोत्सव की तैयारी

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान के पाली में कृष्णगिरी पीठाधीश्वर वसन्त विजयानंद गिरी जी महाराज के सानिध्य में 24 जनवरी से होने जा रहे विराट आध्यात्मिक महोत्सव की तैयारी चरम पर है।

मंगलवार दोपहर पश्चात अणुव्रत नगर स्थित विशाल प्रांगण में आध्यात्मिक महामहोत्सव के निमित्त जगद्गुरु वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज के पावन सानिध्य में काशी के विद्वान पंडितों द्वारा स्थल शुद्धिकरण यज्ञ किया गया। मंत्रों की गूंज के साथ प्राकृतिक जड़ी बूटियों, ओषधियों, गाय के शुद्ध देसी घी, चंदन, सभी प्रकार के मेवे की हजारों आहुतियां दी गई। यज्ञ में देवी देवताओं का आव्हान किया गया। आरंभ में विजयानंद गिरी जी महाराज द्वारा देवों की पूजा की गई।

कृष्णगिरी तीर्थ ट्रस्ट के शंकेश जैन ने बताया कि 24 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर में गुरूदेव की निश्रा में विशिष्ट यज्ञ, पूजन होंगे। संध्या को गुरूदेव श्रद्धालुओं को धर्म ज्ञान देंगे। 24 जनवरी 2026 शनिवार से 1 फरवरी 2026 रविवार तक प्रतिदिन प्रात: साधना, दोपहर में महालक्ष्मी यज्ञ और संध्या को भैरव पुराण कथा होगी।

# हाईकोर्ट ने बीएलओ नियुक्ति को लेकर कर्मचारियों को राहत दी

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने बीएलओ नियुक्ति को लेकर सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि बीएलओ की नियुक्ति में चुनाव आयोग के नियमों का सख्ती से पालन होना चाहिए, जिसके तहत प्राथमिकता उसी कर्मचारी को दी जानी चाहिए जो उस बूथ का वोटर हो। जस्टिस मुन्नूरी लक्ष्मण की कोर्ट ने श्रीगंगानगर निवासी पालासिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया है।

मामला श्रीगंगानगर जिले का है। श्रीकरणपुर के गांव 6 ओबी के रहने वाले याचिकाकर्ता पालासिंह को 23 जुलाई 2025 के एक आदेश के तहत पोलिंग बूथ संख्या 9 (बिरमादेवी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लालगढ़ बिश्नोइयान) में बीएलओ नियुक्त कर दिया गया, जबकि पाला सिंह खुद बूथ संख्या 3, श्रीकरणपुर के वोटर हैं। याचिकाकर्ता के वकील इंद्रजीत यादव ने तर्क दिया कि यह नियुक्ति चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है।

याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि 5 जून 2025 की संशोधित गाइडलाइन के अनुसार, बीएलओ उसी को बनाया जाना चाहिए जो उस पोलिंग स्टेशन का वोटर हो। वकील ने तर्क दिया कि जिस बूथ पर पाला सिंह को लगाया गया है, वहां ऐसे कई अन्य कर्मचारी उपलब्ध हैं, जो वहीं के वोटर हैं।

इसके बावजूद नियमों को दरकिनार कर याचिकाकर्ता की नियुक्ति की गई, जो कि गलत है।

कोर्ट ने पाया कि नियुक्ति आदेश में कहीं भी यह जिक्र नहीं है कि स्थानीय कर्मचारी उपलब्ध नहीं थे, इसलिए सीधे बाहरी व्यक्ति को लगाना सही नहीं प्रतीत होता।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर विभाग को उन स्थानीय कर्मचारियों के नामों के साथ एक रिप्रेजेंटेशन प्रस्तुत करें, जो उस बूथ के वोटर हैं। इसके बाद, अधिकारियों को इस रिप्रेजेंटेशन पर 15 दिन के भीतर पुनर्विचार कर उचित आदेश पारित करना होगा। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि जब तक इस रिप्रेजेंटेशन का निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक याचिकाकर्ता के खिलाफ ड्यूटी ज्वॉइन न करने पर कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि, कोर्ट ने यह भी छूट दी कि यदि अधिकारी यह पाते हैं कि स्थानीय कर्मचारी वास्तव में उपलब्ध नहीं हैं, तो वे गाइडलाइन के क्लॉज 1.3 के तहत पुरानी नियुक्ति जारी रख सकते हैं।

# कुरैशी महासभा संस्थान, बालोतरा का जिला स्तरीय सम्मेलन संपन्न


**बालोतरा**,(नि.सं.)। कुरैशी महासभा संस्थान बालोतरा की ओर से आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन एवं नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में समाज सुधार से जुडे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सम्मेलन में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं युवा वर्ग बडी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन संगठन सचिव मोहम्मद अकरम जमावत द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कुरैशी महासभा संस्थान बालोतरा समाज को एकजुट करने, शिक्षा को बढावा देने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में महासभा के पदाधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना आज की सबसे बडी आवश्यकता है। इस अवसर पर गो-हत्या करने वालों का सामाजिक बहिष्कार करने तथा बिना दहेज की शादियां संपन्न कराने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि दहेज प्रथा समाज की प्रगति में बाधक है और इसे जड से समाप्त करने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव साजिद सुलेमानी ने कहा कि कुरैशी महासभा का उद्देश्य केवल संगठन खडा करना नहीं, बल्कि समाज को शिक्षा, एकता और अनुशासन के रास्ते पर आगे बढाना है। उन्होंने कहा कि गो-हत्या जैसे कृत्यों में लिप्त लोगों के खिलाफ समाज को एकजुट होकर सख्त रुख अपनाना होगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी मुस्तफा साहब ने अपने वक्तव्य में कहा कि बिना दहेज विवाह को बढावा देना आज के समय की सबसे बडी सामाजिक जरूरत है। उन्होंने समाज के अभिभावकों से अपील की कि वे दिखावे और फिजूलखर्ची से दूर रहकर सादगीपूर्ण शादियों को अपनाएं। नवलगढ नगर पालिका चेयरमैन शोएब खत्री ने कहा कि समाज का भविष्य शिक्षा से जुड़ा हुआ है। यदि आज हमने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाली पीढी कमजोर हो जाएगी। उन्होंने युवाओं को संगठित होकर समाजसेवा से जुडने का आ ान किया। प्रदेश महासचिव रफीक कुरैशी ने कहा कि कुरैशी महासभा राजस्थान स्तर पर समाज को एक मंच पर लाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए नियमित बैठकें और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

झुंझुनूं कुरैशी महासभा के महासचिव जुबैर कुरैशी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा, रोजगार और सामाजिक एकता-यही समाज की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक उसकी आवाज मजबूत नहीं बन सकती। सम्मेलन में शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि समाज में ऐसे कई बच्चे हैं जो आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे बच्चों को मुख्यधारा से जोडने के लिए छात्रवृत्ति, मार्गदर्शन एवं सहयोग कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे, ताकि कोई भी बच्चा केवल गरीबी के कारण शिक्षा से दूर न रहे।

इस मौके पर यह भी निर्णय लिया गया कि कुरैशी समाज को संगठित और मजबूत बनाने के लिए बालोतरा सहित आसपास के क्षेत्रों में नियमित बैठकें, संवाद कार्यक्रम एवं सामाजिक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। सम्मेलन में सामाजिक, शैक्षणिक एवं संगठनात्मक मुद्दों पर गहन चर्चा की गई तथा समाजसेवा के लिए नई कार्यकारिणी को सक्रिय भूमिका सौंपी गई। कुरैशी महासभा संस्थान, बालोतरा की कार्यकारिणी में अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अयुब कुरैशी जमावत उपाध्यक्ष अब्दुल गफूर बोवडी, मोहम्मद बिलाल बोवडी, मुस्ताक अली (कालूजी) चौहान,सचिव मो. अकरम जमावत, सह सचिव मो. शरीफ गौरी, मोइनुद्दीन बोवडी, महामंत्री अहमद हुसैन, मोहम्मद रफीक जमावत, संगठन मंत्री हाजी अयुब भाई एलएमएल, कोषाध्यक्ष- मो. साकिर जमावत, प्रचार मंत्री- मो. आमिर, जलाल खान प्रवक्ता मेहबूब अली बोवडी को बनाया गया। वही कुरैशी महासभा संस्थान (यूथ विंग), बालोतरा की कार्यकारिणी में अध्यक्ष टीपू सुल्तान, उपाध्यक्ष मन्जूर-ए-इलाही बोवडी, सईद अनवर गौरी, सचिव मो. इमरान बोवडी, सह सचिव- जीशान बोवडी, महामंत्री नदीम जमावत,कोषाध्यक्ष मो. रिजवान, संगठन मंत्री अरशद जमावत, प्रचार मंत्री- मोहम्मद बोवडी (मम्सा), रिंकू ढाणी, प्रवक्ता जलाल खान, खेल मंत्री- इब्राहीम गौरी, सांस्कृतिक मंत्री- जावेद जमावत, तोकिद खान को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाज के सभी वर्गों से अपील की गई कि वे शिक्षा, सामाजिक सुधार और संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कुरैशी महासभा संस्थान बालोतरा के प्रयासों को सफल बनाएं।



बालोतरा में कुरैशी महासभा संस्थान के जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

## यादे माता की जयंती पर मंदिरों में विशेष पूजा

**जोधपुर**, (कासं)। कुम्हार (प्रजापति) समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि श्रीयादे माता की जयन्ती मंगलवार को शहर में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर श्रीयादें माता की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शामिल झांकियों ने शहरवासियों का मन मोह लिया।

श्रीयादे माता की जयन्ती के उपलक्ष में श्रीयादे माता जयन्ती महोत्सव समिति जोधपुर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव के तहत आज श्रीयादे माता मन्दिर रातानाडा से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नई सडक़, घण्टाघर, कन्दोई बाजार, कटला बाजार, सिटी पुलिस, सर्राफा बाजार, आडा बाजार, कुम्हारियां कुआं, जालोरी गेट, गोल बिल्डिंग, सरदारपुरा बी रोड होते हुए गांधी मैदान पहुंचकर विसर्जित हुई। इस शोभायात्रा में नौ रथों में सवार नव दुर्गा की झांकियों सहित अनेक सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण राष्ट्रभक्ति की झांकी भी दिखी।

समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुडिय़ा व सचिव भंवरलाल ओडिया ने बताया कि शोभायात्रा में झांकियों के साथ ही व्यायामशाला के कार्यकर्ताओं द्वारा हैरतअंगेज व्यायाम प्रदर्शन किए गए। साथ ही शोभायात्रा में नौपत शहनाई व विभिन्न बैण्डों द्वारा मधुर ध्वनि से स्वर लहरियां बिखेरते चल रहे थे।

संरक्षक दशरथ कवाडिया ने बताया कि इससे पहले आज शहर में स्थित सभी श्रीयादे माता मंदिर में पूजा अर्चना की गई। श्रीयादे माता जयन्ती पर झालामंड में भी शोभायात्रा निकाली गई। पाली रोड स्थित महाकालेश्वर महादेव मंदिर से शोभायात्रा रवाना होकर झालामंड धाम तक गई। देवी-देवताओं, शिक्षा का प्रचार, देशभक्ति का संदेश वाली झांकियों के साथ महिलाएं मंगल कलश लेकर शामिल हुई।

# यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता ने ज्ञापन फाड़कर फैंका

**जोधपुर**, (कासं)। शहर जोधपुर में आज युवा कांग्रेस की ओर से मनरेगा बचाओ महासंग्राम पद यात्रा निकाली गई। साथ ही कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कलेक्टर को गेट पर आकर ज्ञापन लेने की मांग पर अड़ गए। जिला कलेक्टर की जगह एसडीए पंकज जैन ज्ञापन लेने के लिए बाहर पहुंचे तो पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी व अन्य कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में यूथ कांग्रेस ने ज्ञापन फाड क़र एसडीएम के मुंह पर फेंक दिया। मंगलवार को यूथ कांग्रेस देहात की ओर से मनरेगा बचाओ पदयात्रा का आयोजन किया गया था। आज दोपहर राजीव गांधी सर्किल, नई सडक़ से जिला कलेक्टर कार्यालय तक पैदल यात्रा निकाली गई। जिसमें यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया भी शामिल हुए। यहां पर रैली के रूप में वह कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस पर कार्यकर्ताओं की पुलिस से बहस भी हुई, लेकिन पुलिस ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। वह जिला कलेक्टर के गेट पर आकर ज्ञापन लेने के लिए अड़ गए।

पुलिस ने कहा कि एसडीएम ज्ञापन लेने के लिए बाहर आ जाएंगे। इसके करीब एक घंटे बाद एसडीएम पंकज जैन ज्ञापन लेने के लिए बाहर आए तो गुस्साए यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी की मौजूदगी में उनके मुंह पर मनरेगा को लेकर विभिन्न मांगों को लेकर तैयार किए गए ज्ञापन फाड़ कर फेंक दिया।यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर एक घंटे तक ज्ञापन देने के लिए उन्हें पुलिस ने बाहर बिठा दिया। उन्हें बताया गया कि एसडीएम पंकज जैन ज्ञापन लेने बाहर आएंगे, लेकिन एक घंटे तक भी वो बाहर नहीं आए थे।

## युवती ने दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित जेके नगर में रहने वाली एक युवती ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। परिजन को पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लेकर गए, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। पुलिस ने बताया कि मूलत: बाड़मेर जिले के सेडवा स्थित आगोला हाल जेके नगर में रहने वाले महेशदान पुत्र भूरेदान चारण ने बताया कि उसके पुत्री 25 साल की खुशबु ने घर में फंदा लगा लिया। पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लाया गया, मगर मृत्यु हो चुकी थी।


**आम सूचना**

मैं पुष्पा कुंवर पत्नी मोहब्बत सिंह जाति राजपूत निवासी रावला की सेरी सामूजा सूचित करती है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम PUSHPA KUNWAR लिखा है तथा दसवीं की अंक तालिका में मेरा नाम PUSHPA KUNWAR JAY SINGH लिखा है। जबकि दोनों नाम मेरे ही है। भविष्य में मुझे PUSHPA KUNWAR (पुष्पा कुंवर) के नाम से ही जाना व पहचाना जायें। PUSHPA KUNWAR

**कार्यालय नगरपालिका तखतगढ़ जिला-पाली राजस्थान**

क्रमांक: न.पा.त./विकास/2025/6444 दिनांक : 08.01.2026

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगरपालिका तखतगढ की ओर से निम्न बनायों हेतु उपयुक्त श्रेणी में विभिन्न राजवीय विभागों एवं मन्यता प्राप्त पंजिकृत ठेकेदारों से ई-निविदा द्वारा विभिन्न विकास कार्यों की निविदा आमन्त्रित की जाती है। आंशिक अथवा पूर्णत निविदा स्वीकृतत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा स्वीकृत अधिकारी को होगा। निविदा की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईड www.sppp.rajasthan.gov.in or www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। UBN CODE: DLB2526B0333

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | धरोहर राशि 2% | UBN NO. | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फालना रोड हनुमान जी मंदिर व काला गोरा भैरुजी मंदिर वाली गली में ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य। | 9.99 | 500 | 500 | 19980 | DLB2526WSOB30580 | 2 माह |

| | |
|---|---|
| निविदा जारी दिनांक व समय | 16.01.2026 / Time 9.00 |
| निविदा दस्तावेजो को डाउनलोड़ करने शुरुआती दिनांक व समय | 16.01.2026 / Time 18.00 |
| निविदा दस्तावेजों को जमा करवाने हेतु शुरुआती दिनांक व समय | 17.01.2026 / Time 09.00 |
| निविदा दस्तावेजों को जमा करवाने हेतु अन्तिम दिनाक व समय | 22.01.2026 / Time 18.00 |
| तकनिकी बिड/वित्तीय खोलने की दिनांक व समय | 23.01.2026 / Time 18.00 |
| बिड की वैधता समयवधि | 90 दिन |

अध्यक्ष नगरपालिका तखतगढ़ अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका तखतगढ़

राज.संवाद/सी/25/17994



मैंने देखा कि वह बहुत तेज़ गति से सर्व नहीं कर रहा था, खासकर दूसरे सेट में, लेकिन आप इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहते," जो अब गैस्टन के साथ अपनी लेक्सस हेड2हेड सीरीज़ में 3-0 से आगे हैं। **- जानिक सिनर**

**टेनिस खिलाड़ी, ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचने के बाद बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## साइना नेहवाल



**ओलंपिक** मेडलिस्ट साइना नेहवाल, जो भारत की सबसे काबिल बैडमिंटन प्लेयर्स में से एक हैं, ने घुटने की पुरानी कंडिशन की वजह से लगभग दो साल तक बाहर रहने के बाद कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की है। लंदन 2012 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट ने आखिरी बार 2023 में सिंगापुर ओपन में कॉम्पिटिटिव मैच खेला था, लेकिन सोमवार को सुभोजित घोष के होस्ट किए गए पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने फैसले की ऑफिशियल घोषणा की। सायना ने कहा कि वह कुछ समय पहले ही स्पोर्ट से दूर हो गई थीं और उन्हें तुरंत पब्लिक अनाउंसमेंट करने की जरूरत महसूस नहीं हुई।

**क्या आप जानते हैं ?...** दोनों के बीच अभी तक 25 मुकाबले हुए हैं। इसमेंभारतीय टीम को 14 जीत मिली है जबकि न्यूजीलैंड ने 10 को अपने नाम किया है। भारत को मिली 14 जीत में 2 जीत सुपर ओवर की भी हैं।

## टी-20 सीरीज से पहले ब्रेसवेल की फिटनेस पर संशय

नागपुर, 20 जनवरी। माइकल ब्रेसवेल का भारत के ख़िलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में खेलना संदिग्ध लग रहा है। नागपुर में पहले मुक़ाबले से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड टीम के लिए यह अच्छी ख़बर नहीं है। रविवार को इंदौर में खेले गए आख़िरी वनडे में फ़ील्डिंग के दौरान उनकी बाईं पिंडली की मांसपेशी खिंच गई थी। हालांकि, न्यूज़ीलैंड क्रिकेट को उम्मीद है कि उनकी यह चोट ज़्यादा गंभीर नहीं है। भारत को वनडे सीरीज़ में 2-1 से शिकस्त देने वाली न्यूज़ीलैंड टीम की कप्तानी करने वाले ब्रेसवेल को लेकर बोर्ड ने कहा, "आने वाले दिनों में उनका इलाज और निगरानी की जाएगी। इसके बाद ही इस दौरे में उनकी आगे की भागीदारी पर फ़ैसला लिया जाएगा।" इस बीच मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने बताया कि ब्रेसवेल अपनी टीम के साथ नागपुर पहुंच चुके हैं। इस बीच नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क को सीरीज के पहले तीन टी20 मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारत के ख़िलाफ वनडे सीरीज से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज़ करने वाले क्लार्क ने कुल सात विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने दो बार तीन-तीन विकेट लेने का कारनामा किया। गेंदबाज़ी के अलावा उन्होंने निचले क्रम में बल्ले से भी अहम योगदान दिया, जो न्यूज़ीलैंड की जीत में काफ़ी मददगार साबित हुआ।

# मैं अपनी पहचान नहीं बदलूंगा : सूर्यकुमार



नागपुर, 20 जनवरी। बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले, भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने खराब फॉर्म को लेकर आशावादी रुख दिखाया है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन 2025 में निराशाजनक रहा। सूर्यकुमार 21 मैचों और 19 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए। उन्होंने 13.62 के औसत से 218 रन बनाए, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 47 रहा।

मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा कि वह नेट पर अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और अपनी उस पहचान को बदलना नहीं चाहते, जिसने उन्हें पिछले तीन-चार सालों में सफलता दिलाई है।भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान ने आगे कहा कि वह इसी तरह बल्लेबाजी करना चाहेंगे और अगर सब कुछ ठीक नहीं रहा, तो वह नए सिरे से रणनीति बनाएंगे और मजबूत होकर वापसी करेंगे। सूर्यकुमार ने कहा कि सीरीज़ में खेला जाने वाला हर मैच महत्वपूर्ण होता है। हम हर मैच से कुछ न कुछ हासिल करने की कोशिश करते हैं। मैं नेट पर बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं और रनों की बात करें तो, रन जरूर बनेंगे, लेकिन साथ ही, मैं कुछ अलग नहीं कर सकता। मैं अपनी पहचान नहीं बदलना चाहता।

सूर्यकुमार ने कहा कि पिछले 3-4 सालों में मुझे जिस तरह से सफलता मिली है, मैं उसी तरह से बल्लेबाजी करना चाहूंगा। और अगर प्रदर्शन अच्छा रहा, तो मैं उसे स्वीकार करूंगा। अगर नहीं, तो मैं नए सिरे से तैयारी करूंगा, फिर से अभ्यास करूंगा, कड़ी मेहनत करूंगा और पहले से ज्यादा मजबूत होकर वापसी करूंगा।

सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम इंडिया को तिलक वर्मा और वाशिंगटन सुंदर जैसे स्टार खिलाड़ियों की कमी खलेगी, जो चोट के कारण बाहर हैं। हालांकि, भारतीय टी20 कप्तान ने इस बात पर जोर दिया कि वर्मा और सुंदर की अनुपस्थिति में अन्य खिलाड़ी मौकों का फायदा उठा रहे हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

भारत के टी20 कप्तान ने कहा कि चोट एक खिलाड़ी के जीवन का अहम हिस्सा होती है। इसलिए हम इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते। यह किसी के बस में नहीं है। लेकिन साथ ही, किसी और को खेलने का मौका मिलेगा। मेरा मतलब है, तिलक और वाशिंगटन की कमी तो हमें ज़रूर खलेगी।

जब भी उन्होंने इस फॉर्मेट में खेला है, उन्होंने भारतीय टीम के लिए बहुत कुछ किया है। लेकिन साथ ही, उनकी जगह किसी को तो खेलना ही होगा। हम नौ खिलाड़ियों के बिना नहीं खेल सकते। लेकिन हां, किसी को मौका मिलेगा, और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। 16 जनवरी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुष्टि की कि ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं।

## विराट और रोहित का बीसीसीआई संशोधित अनुबंध में घटेगा कद



नई दिल्ली, 20 जनवरी। विराट कोहली और रोहित शर्मा को बीसीसीआई की 2026-27 सीज़न की वार्षिक केंद्रीय अनुबंध सूची में स्थान परिवर्तन का सामना करना पड़ सकता है। दोनों वरिष्ठ बल्लेबाजों ने 2024 में टी20 और 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, इसलिए वे अब केवल एक ही प्रारूप में सक्रिय हैं। इसी वजह से प्रबंधन उन्हें ग्रेड बी में स्थानांतरित करने पर विचार कर रहा है। बीसीसीआई एक संशोधित अनुबंध संरचना की घोषणा करने की तैयारी कर रहा है, जिसमें ए श्रेणी को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है। कोहली और रोहित वर्तमान में रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह के साथ ए श्रेणी में हैं, और इन सभी को इस श्रेणी के तहत सालाना 7 करोड़ रुपये मिलते हैं। यदि ये बदलाव स्वीकृत हो जाते हैं, तो जडेजा और बुमराह को ग्रेड ए में स्थानांतरित किया जा सकता है। यह प्रस्ताव मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर द्वारा पहले ही रखा जा चुका है और अंतिम निर्णय लेने से पहले आगामी शीर्ष परिषद की बैठक में इस पर चर्चा होने की उम्मीद है। अगर बीसीसीआई ए श्रेणी को खत्म कर देता है, तो यह देखना होगा कि क्या कोई नई डी श्रेणी शुरू की जाती है।

## अभी पक्का नहीं है कि हम वर्ल्ड कप में जाएंगे या नहीं : लिटन दास



ढाका, 20 जनवरी। "जवाब देना सुरक्षित नहीं है," बंगलादेश के टी20 के कप्तान लिटन दास ने मंगलवार को तीखी प्रतिक्रिया देते हुए एक पत्रकार को बीच सवाल में ही रोक दिया, जब उसका सवाल टी20 वर्ल्ड कप से पहले चल रहे गतिरोध की ओर जा रहा था। रंगपुर राइडर्स के कप्तान दास एलिमिनेटर में सिलहट टाइटन्स से तीन विकेट से हारने के बाद बीपीएल से बाहर होने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। हालांकि, चर्चा जल्दी ही मैच से हटकर बांग्लादेश के वर्ल्ड कप में भाग लेने और फैसले लेने की प्रक्रिया में खिलाड़ियों की भूमिका को लेकर अनिश्चितता की ओर चली गई।

वीकेंड में, बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ढाका में आईसीसी अधिकारियों के साथ गतिरोध पर बातचीत की, लेकिन कोई समझौता नहीं हुआ। बीसीबी ने भारत से बाहर जगह बदलने का अनुरोध किया था, जब बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को दोनों एशियाई देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के बीच मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह वर्ल्ड कप के बारे में बोर्ड के रुख से सहमत हैं, तो दास ने सावधानी से जवाब दिया। "कोई टिप्पणी नहीं।" "क्या आपको यकीन है कि हम वर्ल्ड कप में जा रहे हैं? उन्होंने कहा," आपको नहीं पता, मुझे नहीं पता, हम एक ही नाव में हैं। वर्ल्ड कप अभी बहुत दूर है। हमें अभी यह भी पक्का नहीं है कि हम वर्ल्ड कप में जाएंगे भी या नहीं। "हर कोई बीपीएल खेल रहा है, यह सच है, लेकिन अगर हमें पता होता कि हमारे ग्रुप के विरोधी कौन हैं या हम किस देश में जा रहे हैं, तो इससे मदद मिलती।

## 50 मीटर 3 पोजिशन्स में तिलोत्तमा और नीरज बने विजेता

नई दिल्ली, 20 जनवरी। राष्ट्रीय चैंपियन तिलोत्तमा सेन ने 50 मीटर राइफल 3 पोज़िशन्स में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित ग्रुप ए के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स टी1 का खिताब जीता, जबकि नेवी के नीरज कुमार ने पुरुष वर्ग में बाज़ी मारी। वहीं 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टी1 में पंजाब के राजकंवर सिंह संधू ने शीर्ष स्थान हासिल किया। 50 मीटर 3 पोज़िशन्स के फाइनल नए आईएसएसएफ फॉर्मेट में खेले गए, जिसमें हाल ही में 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में 11 पदक जीतने वाली तिलोत्तमा सेन ने कर्नाटक के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए आशी चौकसे को महज 0.6 अंकों के अंतर से पीछे छोड़ा। तिलोत्तमा ने 360.1 का स्कोर किया, जबकि आशी ने 359.5 के साथ रजत स्थान हासिल किया। राजस्थान की माननी कौशिक 347.5 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

## टी-20 सीरीज में होगा भारत का इम्तिहान

नागपुर, 20 जनवरी। क्रिकेट फैंस एक हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार हैं, क्योंकि बुधवार को यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारत की टी20 टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा। सभी के मन में एक ही सवाल है: क्या मेहमान कीवी टीम भरी हुई भीड़ के सामने घरेलू पसंदीदा टीम को परेशान कर सकती है?

भारत इस मुकाबले में अजेय मोमेंटम के साथ उतरेगा। एशिया कप में बिना हारे और ऑस्ट्रेलिया (2-1) और साउथ अफ्रीका (3-1) पर सीरीज जीतने के बाद, मौजूदा टी20 वर्ल्ड चैंपियन अपनी धरती पर कॉन्फिडेंट हैं। अभिषेक शर्मा, जो धमाकेदार शुरुआत के लिए जाने जाते हैं, से भारत की लीड करने की उम्मीद है, जबकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह मजबूत बॉलिंग अटैक की कमान संभालेंगे। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे मिडिल-ऑर्डर के दिग्गज भारतीय टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह एक अच्छी पावरहाउस बन जाती है।

लेकिन न्यूज़ीलैंड कोई आसान टीम नहीं है। वेस्टइंडीज पर अपने घर में 3-1 से सीरीज जीतने से उत्साहित, मेहमान टीम डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर और टिम रॉबिन्सन जैसे मैच-विनर खिलाड़ियों के साथ आई है, जो सभी मैच का रुख बदल सकते हैं। उनके मिडिल-ऑर्डर की गहराई, साथ ही काइल जैमीसन और जैकब डफी जैसे बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक का मतलब है कि भारत को दबदबा बनाए रखने के लिए अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

नागपुर की पिच से एक बैलेंस्ड मुकाबला होने की उम्मीद है, जिसमें पहली इनिंग का स्कोर औसतन 156 के आसपास रहेगा। शाम को ओस पड़ने से पीछा करने वाली टीम को फायदा हो सकता है, जिससे टॉस एक अहम पल बन जाएगा। एनालिस्ट का अनुमान है कि 170-180 के बीच का स्कोर एक रोमांचक मुकाबले का माहौल तैयार करेगा, जो शायद आखिरी ओवरों तक चलेगा। भारत का टी20 का रथ पूरी रफ़्तार से चल रहा है और न्यूज़ीलैंड इसे रोकने के लिए बेताब है, फैंस एक जबरदस्त क्रिकेट की रात की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें हर बाउंड्री, विकेट और कैच चर्चा का विषय बन जाएगा।

नागपुर में पहला टी20 मैच सिर्फ़ एक मैच से कहीं ज़्यादा है-यह मोमेंटम, स्ट्रैटेजी और नर्वसनेस की लड़ाई है। टॉस जीतने वाले कप्तान के ओस वाले हालात का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बॉलिंग करने की उम्मीद है। इंडिया जीतने का फेवरेट है, लेकिन न्यूज़ीलैंड की चुनौती एक कांटे की टक्कर पक्का करती है जो आखिर तक जा सकती है। यह शुरुआती मुकाबला सीजन की सबसे रोमांचक टी20 सीरीज में से एक के लिए माहौल बनाने का वादा करता है, जिसमें इंडिया की फ़ायरपावर और न्यूज़ीलैंड की मजबूती के बीच स्ट्रैटेजी और स्किल की लड़ाई होगी।

## भदौरिया और संस्कार क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 20 जनवरी। वनडे कप सीजन -1 में पहले मैच में आरसीसी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 68 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। कार्तिक ने सर्वाधिक 27 रनों का योगदान दिया। संस्कार क्रिकेट अकादमी के ओर से आदित्य वाधवा ने 5, हनी प्रताप सिंह और आदित्य ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार क्रिकेट अकादमी ने सात ओवर में 72 रन 1 विकेट के नुकसान पर बनाकर जीत हासिल कर ली। हार्दिक ने सर्वाधिक 47 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच आदित्य वाधवा को चुना गया। दूसरे मैच में सोलफिल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 107 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। सौरभ शर्मा ने 28 और मोहित प्रजापत ने 25 रनों को योगदान दिया। भदोरिया क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य चौधरी ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भदोरिया क्रिकेट अकादमी ने 11 ओवर में 108 रन 3 विकेट के नुकसान पर बनाकर जीत हासिल कर ली। अर्णव गौतम ने सर्वाधिक 63 रनों का योगदान दिया। सोलफिल क्रिकेट अकादमी की ओर से पंकज प्रजापत ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच आदित्य चौधरी को चुना गया।

## रसूली, जादरान के दम पर अफगानिस्तान ने विंडीज को हराया

दुबई, 20 जनवरी। इब्राहिम जादरान (नाबाद 87) और दरवेश रसूली (84) के शानदार अर्धशतकों और उसके बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने दुबई में पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 38 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए, अफगानिस्तान ने 181/3 का बड़ा स्कोर बनाया, जिसके बाद उनके गेंदबाजों ने नियमित विकेट लेकर विंडीज के लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डाली। अफगानिस्तान शुरुआती दौर में ही मुश्किल में पड़ गया जब रहमानुल्लाह गुरबाज पहली ही गेंद पर एक तेज सिंगल लेने की कोशिश में रन-आउट हो गए। जबकि इब्राहिम जादरान ने अच्छी शुरुआत की, पहले ओवर में हेडन सील्स की गेंद पर एक चौका और दूसरे ओवर में मैथ्यू फोर्डे की गेंद पर दो और चौके लगाए, लेकिन जब सील्स ने तीसरे ओवर में सिद्दीकुल्लाह अटल को आउट किया तो अफगानिस्तान का स्कोर 19/2 हो गया।

## निकी पूनाचा ऑस्ट्रेलियन ओपन ग्रैंड स्लैम डेब्यू में ही बाहर

मेलबर्न, 20 जनवरी। भारत के निकी कालियांडा पूनाचा का ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में ग्रैंड स्लैम डेब्यू पहले ही राउंड में ख़त्म हो गया, जब वह और उनके पार्टनर थाईलैंड के प्रूच्या इसारो मंगलवार को मेन्स डबल्स में सीधे सेटों में हार गए। पूनाचा और इसारो, जिन्होंने पिछले नवंबर में एशिया-पैसिफिक वाइल्ड कार्ड प्ले-ऑफ टूर्नामेंट के जरिए मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी।

## अप्रैल में पांच टी-20 के लिए भारतीय महिला टीम की मेजबानी करेगा दक्षिण अफ्रीका

जोहानसबर्ग, 20 जनवरी। टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की अंतिम टी20 सीरीज अप्रैल में भारत के ख़िलाफ पांच मैचों की सीरीज होगी जो कि वह अपने घर पर खेलेगी। 17 और 19 अप्रैल को डरबन में पहले दो मुक़ाबले खेले जाएंगे, इसके बाद जोहानसबर्ग में 22 और 25 अप्रैल को अगले दो मुक़ाबले खेले जाएंगे। वहीं सीरीज का अंतिम मुक़ाबला 27 अप्रैल को बेनोनी में खेला जाएगा। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका फ़रवरी-मार्च में पाकिस्तान के ख़िलाफ वनडे और टी20 सीरीज खेलेगी। भारत के ख़िलाफ सीरीज खेलने से पहले दक्षिण अफ्रीका मार्च-अप्रैल में न्यूज़ीलैंड का दौरा भी करेगी। वहीं भारतीय टीम अप्रैल में साउथ अफ्रीका के दौरे पर जाने से पहले फ़रवरी-मार्च में मल्टी फॉर्मेट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी और अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ सीरीज खेलने के बाद भारतीय टीम मई की शुरुआत में इंग्लैंड में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी।

## 52वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता आज से प्रारंभ

जयपुर, 20 जनवरी। बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 52वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 21 जनवरी 2026 से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में उद्घाटन मुकाबला मैत्री क्रिकेट क्लब व दी राईजिंग क्रिकेट क्लब के मध्य सोनी स्टेडियम पर खेला जायेगा। प्रतियोगिता में जयपुर व राजस्थान के अन्य जिलों से कुल 20 टीमों ने भाग लेने की पुष्टि की है जिसमें पिछली विजेता टीम जयपुर ब्लूज़, उपविजेता अरावली क्रिकेट एकेडमी सेमिफाईनलिस्ट राजस्थान यूथ व एस.जे. स्कूल क्रिकेट एकेडमी, चम्बल स्पोर्ट्स, नीरजा मोदी, झुंझुनू एकादश, स्टार क्लब किशनगढ़ तथा मेजबान बनीपार्क क्रिकेट क्लब सहित जयपुर सहित सभी प्रमुख टीमें व एकेडमियां भाग लेंगी। प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता के सभी मैच 40-40 ओवर के खेले जायेंगे। इसमें विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरूस्कार तथा प्रत्येक मैच का मैन ऑफ दी मैच दिया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन सचिव एस.एम. माथुर करेंगे तथा समारोह की अध्यक्षता प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष डॉ. बी. आर. सोनी करेंगे।

**// ओ.एन. दीक्षित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स एमटी-400 //**

## शशिकांत, रियाज, जगदीश, सोहिनी, स्मिता जैन ने जीते 3-3 खिताब

जयपुर, 20 जनवरी। ओ.एन दीक्षित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स एमटी-400 पुरुष 60 वर्ष आयु वर्ग में आर नागराज ने भानु प्रताप सिंह को 6-1, 6-1, 55 में बालकृष्ण भाटिया ने श्रीनिवास रेड्डी को 6-3, 6-2, 45 रोहन भसीन ने सम्राट भसीन को 5-7, 6-0 10-8, 40 में रियाज अहमद ने विकास चौधरी को 7-5, 7-5, 35 अंकित सेतिया ने कार्तिकेय सिंह को 7-5, 7-6 (7), 30 में शशिकांत रमानी ने लविश नेहरा को 6-4, 6-4 वही महिला में प्रीति उज्जयिनी ने संजना को 6-1, 6-2 से हराकर एकल खिताब जीते।

सोहीनी कुमारी प्लस 55 मे फेडरेशन कप में भारत का अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में तीन बार प्रतिनिधित्व किया है तथा उनके पिता यशवंत सिंह दिल्ली टेनिस एसोसिएशन के सचिव भी रहे हैं राइट विंग कमांडो रानी स्मिता जैन भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है।




अन्य परिणाम निम्न प्रकार से रहे -30 पुरुष युगल में शशि कांत व विवेक झाँझरिया ने प्रशांत व रोहित डेविड एंड को 7-5, 7-5, 35 मिशाल व कार्तिकेय ने नरेंद्र व अरुण चौधरी को 2-6, 7-6(4), 10-2, 45 दिलीप मोंटी व भ र त ने रोहन व सम्राट भसीन को 7-5, 7-6(5), 55 गुरदर्शन रमाना व आशुतोष पेडनेकर ने बालकृष्ण भाटिया व योगेश कोहली को 7-6(5), 6-1, 60 अरुण अग्रवाल व आर नागराज ने पुनीत गुप्ता व भानु सिंह को 2-6,6-1,10-5 से हराया । मिक्स युगल 50 में सोहिनी कुमारी वि जगदीश तंवर ने, 40 रानी स्मिता जैन व रियाज अहमद ने, 30 चेतना असारी व शशि कांत रमानी ने जीता । टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से आए अनुभवी खिलाड़ियों की भागीदारी से मुकाबले बेहद रोमांचक बनते जा रहे हैं और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है ।

## शमशीर अली ने ऑप्टिमस अचीवर्स को और ध्रुवपाल गोदारा ने रामबाग को जिताया

जयपुर, 20 जनवरी। राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप टूर्नामेंट में कैवेलरी पोलो ग्राउंड पर आरपीसी/थंडरबोल्ट पोलो टीम और रामबाग पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें रामबाग पोलो टीम ने आरपीसी/थंडरबोल्ट को 4.5 के मुकाबले 9 गोलो से हराया। रामबाग पोलो टीम की ओर से एजेलो ओर सिद्धांत सिंह ने 1- 1 गोल किए वहीं ध्रुवपाल गोदारा ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 7 गोल कर टीम को जीत दिलाई। ढाई गोल का एडवांटेज लेकर खेल रही आरपीसी/थंडरबोल्ट पोलो टीम की ओर से केवल मृत्यंजय सिंह ने 2 गोल किये।

**अचीवर्स ने वी पोलो को हराया**

दूसरे मैच में पीपीसी पोलो ग्राउंड पर वी पोलो टीम और ऑप्टिमस अचीवर्स के बीच मैच खेला गया जिसमें ऑप्टिमस अचीवर्सने वी पोलो को 8.5 के मुकाबले 12 गोल से हराया। ऑप्टिमस अचीवर्स पोलो टीम की ओर से शमशीर अली ने अपने पुराने शानदार खेल प्रदर्शन दिखाते हुए बेहतरीन 8 गोल किये ओर सेवीर मेहराज ने1 गोल वहीं डेनियल ने 3 गोल किये।आधे गोल का एडवांटेज लेकर खेल रही वी पोलो टीम की ओर से सलीम आज़मी ने 1 गोल और सेंटियागो ने बेहतरीन खेलते हुए 7 गोल कर अपनी टीम की साख बचाई।

**// जयपुर पोलो सीजन 2026 का हुआ आगाज //**

# 29 मार्च तक होगा आयोजन, लेडीज पोलो मैच का आयोजन होगा

जयपुर, 20 जनवरी। राजस्थान पोलो क्लब में बहुप्रतीक्षित जयपुर पोलो सीजन 2026 का 19 जनवरी से आगाज हो गया है। यह सीज़न 29 मार्च तक चलेगा और इसमें कई रोमांचक मैच आयोजित होंगे। इस सीजन का मुख्य आकर्षण एक बार फिर से 14 गोल का ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह जयपुर कप के लिए जयपुर ओपन टूर्नामेंट होगा। यह टूर्नामेंट 16 फरवरी से 21 फरवरी तक होगा। यह टूर्नामेंट केरिसिल द्वारा स्पॉन्सर किया गया है। इस सीज़न में, एक और बड़ा टूर्नामेंट 14 गोल वाला रैफल्स सिरमौर कप होगा, जो 9 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट को रैफल्स होटल, जयपुर स्पॉन्सर कर रहा है। यह जानकारी जयपुर के हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने आज आरपीसी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल पोलो (एफआईपी) के भारत के एम्बेसडर, महाराज नरेंद्र सिंह; राजस्थान पोलो क्लब (आरपीसी) के ऑनरेरी सेक्रेटरी, दिग्विजय सिंह और आरपीसी के जॉइंट सेक्रेटरी, विक्रमादित्य बरकाना भी मौजूद रहे। महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने आगे बताया कि पिछले वर्षों की तरह, जयपुर पोलो सीज़न में लेडीज़ पोलो मैच का आयोजन भी किया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को हॉर्स पोलो के खेल में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। मैच




की सफलता और ज़बरदस्त जोश को देखते हुए, 22 फरवरी को प्रिंसेस दीया कुमारी फ़ाउंडेशन (पीडीकेएफ) लेडीज़ पोलो कप 2026 का आयोजन किया जाएगा। इसे यूएस. पोलो एसोसिएशन और पीडीकेएफ स्पॉन्सर कर रहे हैं। इस सीज़न का पहला टूर्नामेंट राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप (06 गोल) है। यह टूर्नामेंट 19 जनवरी से शुरू होकर 25 जनवरी तक चलेगा। इसे रामबाग पैलेस जयपुर स्पॉन्सर कर रहा है। **इस सीज़न के अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में शामिल हैं-** राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप, 19 जनवरी - 25 जनवरी, 6 गोल्स, कोग्निवेरा पोलो कप, 26 जनवरी-1 फरवरी, 8 गोल्स, द लीला महाराजा सवाई मान सिंह पोलो कप, 2 फरवरी-8 फरवरी, 8 गोल्स, रैफल्स सिरमौर कप, 9 फरवरी-15 फरवरी, 14 गोल्स, ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमबीसी कप के लिए जयपुर ओपन, 16 फरवरी-21 फरवरी,14 गोल्स, राजस्थान टूरिज्म पोलो कप, 23 फरवरी-1 मार्च, 6 गोल्स, एसएमएस गोल्ड वेस, 2 मार्च-8 मार्च, 4 गोल्स, जयपुर जूनियर कप अंडर 21 (आउट ऑफ हैट), 12 मार्च-8 मार्च, श्री सीमेंट कप 9 मार्च-15 मार्च, आरपीसी कप (आउट ऑफ हैट), 16 मार्च-22 मार्च, आरपीसी कप (आउट ऑफ हैट), 23 मार्च-29 मार्च। **इस पोलो सीज़न में खेल के कुछ टॉप पोलो खिलाड़ी हिस्सा लेंगे,** जिनमें मैनुअल एफ लोरेंटे (+6), सैंटियागो मारम्बियो (+6), एलेजो अरामबुरु (+6); डैनियल ओटामेंडी (+4), लांस वॉटसन (+4), सिमरन शेरगिल (+4); जयपुर के एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह (+4), शमशीर अली (+4), सिद्धांत शर्मा (+3), ध्रुव पाल गोदारा (+2), भवानी कालवी (+2), कुलदीप सिंह राठौड़ (+2), राव हिम्मत सिंह बेदला (+1), सलीम आज़मी (+1) सहित कुछ आर्मी ऑफिसर शामिल हैं। युवा खिलाड़ियों के बीच पोलो के खेल को बढ़ावा देने और उभरती प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए, जयपुर जूनियर कप अंडर 21 आउट ऑफ़ हैट फ़ॉर्मेट में 2 मार्च से 8 मार्च तक खेला जाएगा। युवा प्रतिभा को बढ़ावा देने और उनके विकास करने की अपने प्रतिबद्धता के तहत, राजस्थान पोलो क्लब ने होनहार युवा खिलाड़ियों को इंटरनेशनल ट्रेनिंग का मौका देने के लिए एक खास सालाना स्कॉलरशिप प्रोग्राम शुरू किया है। इस पहल के तहत, क्लब ने इस साल युवा खिलाड़ी आर्यमन सिंह को विश्व के अग्रणी पोलो डेस्टिनेशन में से एक, अर्जेंटीना में ट्रैवल और ट्रेनिंग करने में मदद की। इस सीज़न में एग्ज़िबिशन मैचों में 24 जनवरी को रघु सिन्हा माला माथुर मेमोरियल कप आयोजित होगा, जिसे रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटी ट्रस्ट द्वारा स्पॉन्सर किया जा रहा है; 26 जनवरी को एग्ज़िबिशन पोलो मैच; 7 फरवरी को केजीके पोलो कप, जिसे केजीके स्पॉन्सर करेगा; 14 फरवरी को ईटन कॉलेज बनाम मेयो कॉलेज मैच, जिसे गैब्रियल इंडिया द्वारा पावर्ड होगा; 28 फरवरी को एचएच राजमाता पद्मिनी देवी ऑफ जयपुर इंटरनेशनल शील्ड, जिसे डायकलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड स्पॉन्सर करेगा; और 9 मार्च को एग्ज़िबिशन पोलो मैच शामिल हैं।



यह उल्लेखनीय है कि राजस्थान पोलो क्लब लंबे समय के इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है, जिसका उद्देश्य जयपुर को पोलो और घुड़सवारी के खेल के लिए साल भर चलने वाले सेंटर के तौर पर मज़बूत करना है। पोलो ग्राउंड में फ्लडलाइट लगाने की योजना पर काम चल रहा है, जिससे रात में पोलो खेला जा सकेगा और जयपुर में वर्षभर यह खेल संभव होगा। इसके अतिरिक्त, क्लब अपने राइडिंग स्कूल और जूनियर ट्रेनिंग प्रोग्राम को सपोर्ट करने के लिए एक इनडोर, हर मौसम में ढका हुआ एरीना बनाने पर काम कर रहा है, ताकि मौसम कैसा भी हो, बिना किसी रुकावट के ट्रेनिंग दी जा सके। क्लब पोलो ग्राउंड परिसर में एक इक्वाइन हॉस्पिटल बनाने की भी योजना बना रहा है, जिसमें एक सर्जिकल थिएटर और एक बेसिक डायग्नोस्टिक लैबोरेटरी होगी, ताकि पोलो और घुड़सवारी गतिविधियों के लिए जानवरों की देखभाल, घोड़ों की कुशलता और इमरजेंसी में मदद को बेहतर बनाया जा सके। क्लब द्वारा ली गई विभिन्न पहलों के अंतर्गत मैच देखने आए दर्शकों को रिफ्रेशमेंट्स भी दिए जाएंगे।

